भाद्रपद शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 163 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
28 नवम्बर 2023 मंगलवार

आज का मौसम
21 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो

Page- 7

रैट माइनर्स पहुंचे करीब, सुरंग के अंदर गए मंत्री, बाहर जमा परिजनों को कपड़े आदि के साथ तैयार रहने को कहा गया

अब महज 3 मीटर दूर है सुरंग से रिहाई, आज मजदूरों का मंगल...!

देहरादून/उत्तरकाशी , एजेंसी।

पिछले सत्रहवें दिन से सुरंग में फंसे मजदूर अब उस कैद से आजाद होने वाले हैं,जहां जिंदगी के सपने बिखरने लगते हैं। उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग के पास आज सुबह से हलचल जैसे है। खुदाई में जुटी टीम जैसे-जैसे मजदूरों के नजदीक पहुंच रही है वैसे-वैसे सुरंग के बाहर तैनात सारे इंतजाम और ज्यादा सतर्क नजर आते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री रिटायर्ड जनरल वीके सिंह भी सिलक्यारा पहुंचे हैं। वह मैन्युअल ड्रिलिंग का जायजा लेने के लिए सुरंग के अंदर भी गए। दिवाली के दिन से उत्तरकाशी की निर्माणाधीन इस सुरंग में कैद 41 श्रमिक बाहर निकले की उम्मीद लगाए हैं। उन्हें बाहर निकालने की पूरी कोशिशें हो रही हैं लेकिन हर बार कोई न कोई बाधा आने से सफलता नहीं मिल रही। रेस्क्यू का आज 17वां दिन है फंसे हुए 41 मजदूरों के परिजनों को तैयार रहने और मजदूरों के कपड़े और बैग तैयार रखने को कहा गया है। मजदूरों को रेस्क्यू कर बाहर निकालकर चिन्यालीसौड़ अस्पताल ले जाया जाएगा।

मशीनें हुई नाकाम तो जुटे 'हाथ'

उल्लेखनीय है कि मजदूर सुरंग में करीब 60 मीटर की दूरी पर फंसे हैं। अमेरिकी ऑगर मशीन ने 48 मीटर तक ड्रिलिंग की थी. इसके बाद मशीन सुरंग में फंस गई थी। इसे काटकर बाहर निकाला गया।. इसके बाद रैट माइनर्स ने मैन्युअल खुदाई शुरू की। मशीने व इन माइनर्स के समन्वय से मंजिल आसान हुई है। सोमवार से अब तक सात आठ मीटर तक खुदाई की जा चुकी है। उधर, मैन्युअल हॉरिजेंटल ड्रिलिंग के लिए दो प्राइवेट कंपनियों की दो टीमों को लगाया गया है। एक टीम में 5 एक्सपर्ट हैं, जबकि दूसरी में 7. इन 12 सदस्यों को कई टीमों में बांटा गया है. ये टीमें बचे हुए मलबे को बाहर निकालेंगी। इसके बाद 800 एमएम व्यास का पाइप डाला जाएगा. एनडीआरएफ की टीमें इसी के सहारे मजदूरों को बाहर निकालेंगी।

रेट माइनर्स की मेहनत रंग लाई

सीएम धामी ने कहा कि सुरंग के अंदर एस्केप पैसेज 52 मीटर तक तैयार किया गया है। 57 मीटर पर एस्केप पैसेज आर-पार हो जाएगा। अब मेटल के टुकड़े मिलना कम हो गए हैं। इसलिए जल्द रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने की उम्मीद है। खबर है कि अब दोतरफा खुदाई की जा रही है। एक वर्टिकल और दूसरी होरिजेंटल। होरिजेंटल खुदाई मैन्युल की जा रही है। 20 मजदूरों की टीम बारी-बारी से यह काम कर रही है। इसके चलते 52 मीटर की निकासी सुरंग तैयार की जा चुकी है। सब कुछ ठीक रहा तो 58 या 60 मीटर की खुदाई के बाद फंसे मजदूरों तक पहुंचा जा सकेगा। इस तरह आज दोपहर बाद तक अच्छी खबर खाने की उम्मीद बढ़ गई है। सुरंग के अंदर रैट माइनर्स द्वारा मलबे को भेदकर बनाई जा रहे निकास सुरंग का कार्य तेजी से चल रहा है।

खतरनाक तरीका है रेट माइनिंग

यह कोयला निकालने की एक विधि है। जिसे चूहे के बिल बनाने और मलबा खोदने के तरीके से लिया गया है। ठीक चूहे की तरह एक आदमी के जरिए मलबा निकाला जाता है। हालांकि रैट माइनिंग के इस तरीके को काफी खतरनाक माना जाता है। मगर यह उत्तरकाशी में तो काम आ गई है। इससे पर्यावरणीय खतरे पैदा होते हैं। क्योंकि खदानें आमतौर पर अनियमित होती हैं, जिनमें उचित वेंटिलेशन और सुरक्षा उपायों का अभाव होता है। जो मजदूर भीतर गए होते हैं उनके लिए भी कई तरह के खतरों की संभावना बनी होती है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 2014 में इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। एनजीटी का कहना था कि ऐसे कई मामले हैं जहां बरसात के मौसम के दौरान कई मजदूर मारे गए हैं। रेट माइनिंग आमतौर पर दो तरह की होती है। एक साइड कटिंग प्रोसेस और एक बॉक्स-कटिंग का तरीका होता है। दूसरे तरीके में जिसे 100 से 400 फीट गहरा एक गड्ढा खोदा जाता है। एक बार कोयले की परत मिल जाने के बाद चूहे के बिल के आकार की सुरंगें खोदी जाती हैं।

जांच के बीच तीखे आरोप

बालाघाट मामले में कांग्रेस के निशाने पर आयोग भी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र में मतगणना के पहले इसकी प्रक्रिया को लेकर जारी बवाल थमा नहीं है। अब कांग्रेस ने चुनाव आयोग के कामकाज पर गहरे सवाल उठा दिये हैं। वह कलेक्टर को तत्काल हटाने पर अड़ गई है। दरअसल कांग्रेस कुछ दिनों से सामने आ रही कथित गड़बड़ियों को लेकर आक्रामक है,लेकिन बीती रात बालाघाट में स्ट्रांग रूम खोले जाने व पोस्टल बैलेट छांटने की घटना के बाद उसके हमले तीखे हैं। मीडिया विभाग के प्रमुख केके मिश्रा ने आज मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को सीधे निशाने पर लिया और कहा कि 'वे बताएं कि यदि उनके नेतृत्व में चुनाव आयोग निष्पक्ष है तो प्रमाणिक तथ्यों का जवाब कौन देगा। जब आयोग के ही स्पष्ट निर्देश हैं कि डाक मतपत्रों की भी गणना 3 दिसंबर को ही होगी तो बालाघाट में 27 नवंबर को स्ट्रांग रूम कैसे खोला। कलेक्टर कह रहे हैं कि कांग्रेस को कंफ्यूजन है तो नोडल अफसर सस्पेंड क्यों हुआ।' मिश्रा ने कहा स्थानीय एसडीएम का यह कथन कि स्ट्रांग रूम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रोज खुलता है, तो क्या यह आयोग के नियमों के अनुरूप है और राजन इससे सहमत हैं? या एसडीएम व्यापमं से चयनित हैं?

मिश्रा ने कहा कि ' लगता है कि राजन चुनाव की समूची प्रक्रिया में सत्तारूढ़ दल को परोक्ष लाभ पहुंचा रहे हैं क्योंकि उन्होंने ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिससे यह प्रतीत हो कि निष्पक्ष हैं। उन्होंने 350 से अधिक शिकायतों पर एक के खिलाफ भी एक्शन नहीं लिया। मतदान दिवस पर हिंसा, बूथों पर कब्जे, जाति विशेष के लोगों के बूथों पर उन्हें हथियार बंद लोगों ने वोट नहीं डालने दिए, आयोग *मूकमूर्ति* बना रहा। कई जिलों में कलेक्टर - एसपी ने सिर्फ गले में भाजपाई दुप्पटा नहीं डाला,बाकी वह सब किया जो उन्हें नहीं करना था। सरकारी कर्मचारी /अधिकारियों को डाकपत्र न देकर जानबूझकर उन्हें उनके मताधिकार से वंचित किया गया।' मिश्रा ने कहा क्या यह भी किसी राष्ट्रद्रोह के समकक्ष नहीं है? वहीं भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने कहा है कि कांग्रेस तीन दिसंबर को होने वाली हार की स्क्रिप्ट पर काम कर रही है। बालाघाट में पोस्टल बैलेट संबंधी आरोप झूठे हैं। क्योंकि कांग्रेस के संगठन मंत्री खुद कह रहे है कि हमे गफ़लत हुई,हम संतुष्ट है।

मध्यप्रदेश
निर्वाचन सदन

कमरे खाली रखो,नई सरकार आती है...: मतगणना के साथ ही नई विधानसभा के गठन के मद्देनजर सभी सरकारी महकमे अपने इंतजामों में जुटे हैं। इनमें आवास के इंतजाम भी प्रमुख हैं। नये विधायकों के लिये कुछ ऐसे विधायकों से आवास खाली कराये जाने हैं,जो इस बार चुनाव नहीं लड़े हैं। तीन दिसंबर को घोषित होने वाले चुनाव परिणाम को देखते हुए विधानसभा सचिवालय ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसमें विधायकों के परिचय पत्र और अन्य सुविधाओं के साथ सबसे अधिक फोकस विधायकों को रुकने के लिए आवास व्यवस्था पर है। विधानसभा सचिवालय ने राज्य शासन को भी चिट्ठी लिखी है और भोपाल के रेस्ट हाउस व सर्किट हाउस दिसम्बर के 15 दिनों के लिए आरक्षित रखने को कहा है।

कूनो में पहली बार उत्सव,टेंट सिटी बनी

ग्वालियर एजेंसी। देश में चीतों के नए घर मध्यप्रदेश के श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में बड़ा उत्सव मनाए जाने की तैयारी है। 17 से 23 दिसंबर तक चलने वाले इस उत्सव में देश-दुनिया से पर्यावरण व वन्यजीव विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा कोई भी बुकिंग करा सकता है। छह दिवसीय कूनो फारेस्ट फेस्टिवल के लिए टेंट सिटी तैयार की जा रही है। जिसमें पर्यटक ठहर सकेंगे। यह टेंट सिटी फेस्टिवल के बाद भी 10 वर्ष के लिए रहेगी।

मोदी को 'युगपुरुष' बताने पर भड़के संजय राउत

मुंबई । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने एक हालिया बयान में पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें युगपुरुष बताया था। अब उपराष्ट्रपति के इस बयान पर राजनीति शुरू हो गई है। दरअसल शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत पीएम मोदी को युगपुरुष बताने पर भड़क गए और वह पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दे गए।

संजय राउत ने उपराष्ट्रपति के बयान पर कहा कि '2024 के बाद भी अपनी बात पर कायम रहिएगा।

मनी लॉन्ड्रिंग:सेंथिल बालाजी को सुप्रीम कोर्ट से झटका

नई दिल्ली । मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की डीएमके सरकार में मंत्री रहे सेंथिल बालाजी को एक बार फिर झटका लगा है। हाईकोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत मद्रास उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर बालाजी की अपील पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने करीब एक महीने पहले, बीते 19 अक्तूबर को बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय का मानना है कि जमानत मिलने पर वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

नीचे बाघ, रातभर पेड़ पर 'टंगा' रहा जख्मी युवक

उमरिया , एजेंसी। मप्र के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर बफर परिक्षेत्र अंतर्गत मुड़गुड़ी घघड़ार गांव में एक युवक बाघ का निवाला बनने से बच गया। खबरों के मुताबिक लौटते समय शाम को घने जंगल के बीच बाघ से उसका आमना सामना हो गया। हमले में लहूलुहान होकर किसी तरह वो पेड़ पर चढ़ गया और अपनी जान बचाई। बाघ के खौफ से शख्स को पेड़ पर अपनी रात गुजारनी पड़ी। सुबह होने पर ग्रामीणों की मदद से घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। घायल का नाम कमलेश सिंह गोंड है। उसके पैर व जांघ में बाघ का पंजा लगने से चोट के निशान है। हालांकि इतना सब होने के बाद भी उसने संयम नहीं खोया जिसके चलते उसकी जान बची।

छुट्टियों पर छीछालेदर निशाने पर नीतीश के दो आदेश

पटना, एजेंसी।

बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने साल 2024 की छुट्टियों का नया कैलेंडर जारी किया है इसमें कुछ बदलाव चौंका रहे हैं क्योंकि रामनवमी और रक्षाबंधन की छुट्टी खत्म कर दी गई है, जबकि ईद और बकरीद पर तीन दिन स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। इसके बाद राजनीति भी शुरू हो गई है। भाजपा ने एक वर्ग विशेष को खुश करने का आरोप लगाया है। नए कैलेंडर के अनुसार, बिहार में जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, रामनवमी, शिवरात्रि, तीज, वसंत पंचमी और जीवित्पुत्रिका के अवसरों पर अब छुट्टी नहीं रहेगी। नये कैलेंडर के मुताबिक, शिक्षकों की गर्मी की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं। शिक्षकों को 60 दिन की छुट्टी में से 38 दिन स्कूल आना होगा और साल में केवल 22 दिन ही छुट्टी दी जाएगी।

दूसरा केलैंडर सामने आया! : सरकारी स्कूलों में छुट्टियों पर बवाल के बीच विभाग की ओर से जारी एक और कैलेंडर सामने आ गया। असल में, शिक्षा विभाग ने उर्दू स्कूलों के लिए अलग, जबकि गैर उर्दू स्कूलों के लिए अलग छुट्टियों का कैलेंडर बनाया गया है। पहले छुट्टियों का सिर्फ एक कैलेंडर सामने आया था।

मप्र में तीसरे दिन भी बारिश का दौर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र में आज लगातार तीसरे दिन भी कई जिलों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भोपाल समेत कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे दिन के तापमान में गिरावट जारी रहेगी। हालांकि, रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। दिसंबर के पहले सप्ताह में भी प्रदेश में बारिश होगी। इसकी वजह- 29-30 नवंबर को फिर से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का एक्टिव होना है। कल भोपाल के तापमान में जबर्दस्त गिरावट थी और सबसे ठंडा दिन रहा था। आज भी सुबह से कोहरा रहा, बाद में कुछ देर धूप निकली,तथा दोपहर में फिर बादल छाने लगे। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), चक्रवात और ट्रफ लाइन के चलते यह स्थिति आगामी दो तीन दिन और रह सकती है।

मेट्रो एंकर

जल्द बेंगलुरू में शुरू होने वाला है नया सिस्टम

एयरपोर्ट पर अब सुरक्षा जांच नहीं, फुल बॉडी स्कैनिंग !

बेंगलुरु, एजेंसी।

एयरपोर्ट पर होने वाली चैकिंग को लेकर अक्सर यात्रियों को टेंशन रहता है। लेकिन बेंगलुरु का केम्पेगौड़ा इंटरनैशनल एयरपोर्ट अब देश का ऐसा पहला एयरपोर्ट बनने वाला है, जहां सिक्योरिटी चेक में मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे पर्सनल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को निकालकर ट्रे में नहीं रखना होगा। बल्कि यात्री पूरा बैग इसमें रख सकते हैं। खबरों के मुताबिक, इसकी शुरुआत टर्मिनल-2 से होगी। इससे सिक्योरिटी चेक में लगने वाले समय में कमी आएगी और यात्रियों का फ्लाइंग एक्सपीरियंस बेहतर होगा। टर्मिनल-2 पर कम्प्यूटर टोमोग्राफी एक्स-रे मशीन का ट्रायल रन अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो रहा है। नया सिस्टम शुरुआत में केवल घरेलू यात्रियों के लिए होगा। बेंगलुरु इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सत्यकी रघुनाथ ने बताया कि टी 2 पर सीटीएक्स मशीन का ट्रायल रन जल्द शुरू हो जाएगा। मशीन को ऑटोमैटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम और फुल-बॉडी स्कैनर के साथ जोड़ा जाएगा। यहां तीन फुल-बॉडी स्कैनर लगाए गए हैं। फुल-बॉडी स्कैनर का इस्तेमाल किसी व्यक्ति के शरीर पर या उसके अंदर ऑब्जेक्ट का पता लगाने के लिए किया जाता है। सीटीएस का इस्तेमाल बैगेज में एक्सप्लोसिव के ऑटोमैटिक डिटेक्शन के लिए होता है।

इधर..सीट से कुशन गायब, पैसेंजर भड़के



वहीं इंडिगो एयरलाइंस के एक यात्री ने फ्लाइट में अपनी सीट पर कुशन नहीं होने का आरोप लगाया। उसने अपने सोशल मीडिया पर इंडिगो एयरलाइंस को टैग कर बिना कुशन वाली सीट की तस्वीर भी पोस्ट कर दी। कंपनी ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि एयरलाइन स्टाफ ने गंदी सीट देखी थी, जिसके बाद उसे बदल दिया गया। घटना रविवार की है। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि वे पूछताछ करेंगे और जवाब देंगे। घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने एयरलाइन के रवैये और यात्रियों के प्रति सेवा में कमी के लिए उसकी आलोचना की।

कोलार सिक्सलेन: फिर घरों पर लगे नीले निशान, मचा हड़कंप

सौ से ज्यादा निर्माण टूटेंगे

विधानसभा चुनाव के चलते टल गई थी कार्रवाई

बताया जा रहा है कि अतिक्रमण हटना पहले से तय था, लेकिन विधानसभा चुनाव के चलते इस काम को टाल दिया गया था। अब चुनाव होते ही रोड निर्माण के लिए प्रशासन ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। राजनीतिक दल भी रोड को लेकर राजनीति करते रहे हैं, लेकिन जनता को कोई स्थायी समाधान नहीं मिल पाया है।

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोलार सिक्स लेन रोड के निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण पर पीडब्ल्यूडी की टीम द्वारा नीले निशान लगाने से हडकंप है। इससे पहले अतिक्रमण पर लाल निशान लगाए गए थे, लेकिन अब यह रंग बदल दिया गया है। टीम द्वारा घर और दुकान के बाहर लगाए जा रहे इन नीले निशानों ने यहां के रहवासी और कारोबारियों को परेशानी में डाल दिया है।

बताया जाता है कि पीडब्ल्यूडी की टीम ने कोलार के बीमाकुंज से लेकर अनुपम अस्पताल और यहां से लेकर ललिता नगर तक दर्जनों मकान, दुकान और व्यावसायिक संस्थानों पर नीले निशान लगाने का काम किया है। चूंकि एक तरफ की रोड का काम लगभग पूरा हो गया है। अब दूसरी तरफ का काम किया जाना है। ऐसे में अतिक्रमण हटाने के लिए ये निशान लगाए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ऐसे करीब 100 से ज्यादा निर्माण हैं, जिन्हें हटाना होगा।

कलेक्टर आशीष सिंह ने बीते दिनों कोलार सिक्स लेन रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। उन्होंने काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिए थे। उनके इस दौरे के बाद से ही यहां पर काम में गति देखने को मिल रही है।लोगों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा बिना नोटिस के इस तरह संपत्तियों पर नीले निशान लगाना गलत है, इससे लोग भयभीत हो रहे हैं। एक साल पहले भी ऐसे ही बिना किसी जानकारी के लोगों के घर और दुकानों के बाहर लाल निशान लगा दिए गए थे। वहीं, लोक निर्माण विभाग इसे रूटीन कार्रवाई बता रहा है ।

मुसीबत बना ये शहर का जाम

भोपाल। राजधानी में जाम अब मुसीबत बन गया जो आए दिन लगता ही रहता है फोटो भारत टॉकीज रोड का।

मावठे ने सुधारी हवा की सेहत प्रदूषण का स्तर कम हुआ

बीते दो दिन में भोपाल समेत आसपास के क्षेत्रों में गिरा मावठा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मावठा गिरने से हवा की सेहत में सुधार आया है। भोपाल का एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 से घटकर 96 से 250 तक पहुंच गया है। सबसे अधिक फायदा कोलार, अरेरा कॉलोनी, एमपी नगर, भेल, और नर्मदापुरम रोड क्षेत्र के रहवासियों को हुआ है। इन क्षेत्रों में सर्वाधिक प्रदूषण था जिसके कारण इंडेक्स 300 के उपर बना हुआ जो मावठा के कारण गिरकर 96 के आसपास आ गया है।

यही हाल प्रदेश के उन जिलों में है जहां मावठे की बारिश हुई है। आने वाले समय में भी मावठा गिरने की संभावना जताई जा रही है, इस तरह मावठा गिरने तक तो कम से कम हवा की सेहत में सुधार बना रहेगा। हालांकि उसके एक से दो दिन बाद ही शहरों में धूल वाला वातावरण मुसीबत बनेगा।

उल्लेखनीय है कि भोपाल शहर के कोलार, एमपी नगर, टीटी नगर, भेल, गोविंदपुरा, हमीदिया रोड, कलेक्टर कार्यालय, पुराना शहर से लेकर बैरागढ़ क्षेत्र में दीपावली के पहले से ही प्रदूषण जानलेवा बना हुआ है। इसे नियंत्रित करने वाले जिम्मेदार विभाग कागजी घोड़े दौड़ाने में लगे हैं। हाल यह है कि बीते वर्षों की तुलना में प्रदूषण कम होने की बजाए बढ़ गया है।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मप्र से मिली जानकारी के मुताबिक भोपाल के टीटी नगर, कलेक्टर कार्यालय क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर बताने वाला इंडेक्स मंगलवार सुबह 10 बजे के करीब 250 के आसपास था। रहवासी क्षेत्रों में प्रदूषण के स्तर को पता लगाने वाला इंडेक्स 96 रहा है, इन क्षेत्रों में मावठा अधिक गिरा है जिसके कारण धूल, धुएं के कणों का फैलाव कम हुआ है। इसके कारण स्थिति सुधरी है।

प्रदेश की बात करें तो ग्वालियर में भी प्रदूषण के स्तर में कमी देखी जा रही है यहां भी इंडेक्स 300 के आसपास रहता था जो 150 से 200 के आसपास आ गया है। वहीं सिंगरौली में जो इंडेक्स दो दिन पहले तक 320 के उपर था, वहां भी गिरावट आई है। इसी तरह इंदौर, जबलपुर व उज्जैन में भी राहत है।

प्रदूषण बढ़ने घटने की वजह

जब मौसम शुष्क रहता है जब प्रदूषित कण हल्के होकर वातावरण में उपर की ओर चले जाते हैं जो रिकार्ड में नहीं आते लेकिन जैसे ही मौसम में नमी मिलती है यही कण भारी हो जाते हैं और निचली सतह में बने रहते हैं, जो नुकसान पहुंचाते हैं। बारिश में इनका असर सबसे कम रहता है।

उपभोक्ता आयोग का फैसला

टूट-फूट के साथ देरी से पहुंचा उपभोक्ता का सामान, ट्रांसपोर्टेशन कंपनी को देने होंगे 30 हजार

आयोग ने कहा- उपभोक्ता को नुकसान उठाना पड़ा, यह ट्रांसपोर्टेशन कंपनी की सेवा में कमी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

एक ट्रांसपोर्टेशन कंपनी द्वारा सामान एक दिन देरी से पहुंचाने और कुछ सामान टूट-फूट के साथ गुम होने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने अहम फैसला सुनाया है। मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने पाया कि उपभोक्ता का सामान गुमाने के साथ ही उच्च स्तरीय पैकिंग न करने से काफी टूट-फूट गया। इससे उपभोक्ता को काफी नुकसान उठाना पड़ा। यह ट्रांसपोर्टेशन कंपनी की सेवा में कमी है। आयोग ने कंपनी को आदेश दिए हैं कि वह उपभोक्ता को 25 हजार रुपये क्षतिपूर्ति राशि और पांच हजार वाद व्यय अदा करे। ट्रांसपोर्टेशन कंपनी ने सेवा में कमी की। यह फैसला भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग क्रमांक-2 की अध्यक्ष गिरिबाला सिंह व सदस्य अंजुम फिरोज की बेंच ने सुनाया है।

यह है पूरा मामला

राजधानी के अरेरा कालोनी निवासी तपी जैन ने मूवर्स एंड पैकर्स प्रालि के प्रबंधक संचालक के खिलाफ जिला उपभोक्ता आयोग में 2017 में याचिका लगाई थी। शिकायत में उपभोक्ता ने बताया कि पूणे से भोपाल स्थानांतरण होने के कारण घर का सामान भेजने के लिए ट्रांसपोर्टेशन कंपनी से बुकिंग कराई थी। 27 मार्च 2017 को पुणे से भोपाल के लिए मूवर्स एंड पैकर्स से सामान पैक कराया था। सामान तय तिथि 31 मार्च के बदले एक अप्रैल को पहुंचा। कुछ सामान टूट-फूट के साथ गुम भी हो गए थे।

ट्रांसपोर्टेशन कंपनी ने रखा अपना पक्ष: मामले में ट्रांसपोर्टेशन कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उपभोक्ता के सामने सामान पैक कर लोड किया गया था और पैकिंग सूची पर हस्ताक्षर भी किया था। सभी सामान सुरक्षित पहुंचा दिया गया। जो सामान गुमा है उसकी रसीद उपभोक्ता ने नहीं दी कि कितनी राशि का था। उपभोक्ता ने पांच हजार रुपये बकाया राशि भी नहीं दिया।

उपाध्यक्ष आसवानी, कोषाध्यक्ष जेठानी का जन्मदिन मनाया

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष भरत आसवानी व कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी का जन्मदिन पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर श्री आसवानी, श्री जेठानी का शाल व फूल मालाओं से स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी गयी व दीर्घायु की कामना की गयी। बधाई देते हुए पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने कहा कि भरत आसवानी व गुलाब जेठानी पंचायत के सक्रिय सदस्य है व समाज सेवा के क्षेत्र में 24 घण्टे सक्रिय रहते है। मैं इन्हे बधाई देते हुए दीर्घायु की कामना करता हूं। बधाई देने वालो में अध्यक्ष साबू रीझवानी, माधु चांदवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, जेठानंद मंगतानी, हरीश मेहरचंदानी, राज मनवानी, सुनील आसवानी, घनश्याम लालवानी, दीपक सतानी, कन्हैया नागदेव, दीपक रामरख्यानी, मोहन लाल चंदानी, प्रेम पठानी, मुरली गुरबानी, नरेश पेसवानी, दयाल दोलतानी, बबलू टेकचंदानी, राकेश शेवानी शामिल है।

भोपाल से हवाई यात्रियों की दैनिक संख्या पांच हजार के करीब

भोपाल । यात्रियों को सुविधाएं मुहैया कराने के मामले में राजा भोज एयरपोर्ट देश में अव्वल है। अब यात्री संख्या के मामले में भी हमारा एयरपोर्ट आगे बढ़ रहा है। उड़ानों की कम संख्या के बावजूद हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। यात्रियों की संख्या अब करीब पांच हजार हो गई है। यानी एयरलाइंस कंपनियों को उम्मीद से अधिक पैसेंजर लोड मिल रहा है। इससे उड़ानों की संख्या बढ़ने की संभावना बढ़ी है। गौरतलब है कि पिछले कस्टमर संतुष्टि सर्वे में भोपाल को देश का नंबर एक घरेलू एयरपोर्ट घोषित किया गया था। इस सर्वे के बाद यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ी है। अक्टूबर में दैनिक यात्रियों की औसत संख्या साढ़े तीन हजार थी। नवंबर में यह औसत चार हजार से भी अधिक हो गया है।

मेट्रो एंकर

अपील माता-पिता, गुरू एवं बड़ों के प्रति आदर और कृतज्ञता का भाव रखें बच्चे

मिठी गोबिन्दराम व विद्यासागर में 'मिनी चैंपियंस' आयोजित

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

साहिबजी के आशीष, अभिप्रेरणा तथा संस्थान के प्रेरणापुरूष श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के मार्गदर्शन में संचालित शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी की शाखा मिठी गोबिन्दाराम पब्लिक स्कूल, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल एवं विद्यासागर पब्लिक स्कूल में 25 नवम्बर 2023 को 'मिनी चैम्पीयन्स खेल दिवस' का आयोजन मिठी गोबिन्दराम स्कूल के खेल मैदान में हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं खेल भावना का प्रतीक रूप मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मार्च पास्ट के उपरांत विभिन्न रोमांचकारी खेल जिसमें, रेस (रिले, जैली फिश, फनी-बनी केरेट, बीट द हीट, जिगजेग, रिवर्स वॉकिंग, हुलाहूप, पार्टन रेस, हर्डल रेस, लेमन-स्पून, बुक बैलेंसिंग रेस, 50मी. फ्लेट रेस, पिक द बॉल्स, ऑबस्टीकल रेस आदि), डम्बलबेल्स पी.टी., एरोबिक्स, योग एवं मार्शल आर्ट की मनमोहक एवं रोमांचक प्रस्तुतियों द्वारा विद्यार्थियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। इस अवसर पर श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने अपने संप्रेषित संदेश में संस्थान स्थापना दिवस एवं वार्षिक खेल दिवस की विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए शिक्षकों से आह्वान किया कि वे कर्मयोगी संत हिरदाराम साहिब जी के सपनों को मूर्तरूप देने के लिए अपने शैक्षणिक दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। ताकि समाज और देश को सही दिशा और दशा प्रदान कर सकें। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे माता-पिता, गुरू एवं बड़ों के प्रति आदर और कृतज्ञता का भाव रखते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। साथ ही शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं जिससे छात्र परस्पर सहयोग भाव, आत्मविश्वास एवं शारीरिक श्रम के गुणों से सिंचित होगा।

मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल के जिला शिक्षा अधिकारी श्री अंजनी कुमार त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता एवं गुरूजनों का आज्ञा पालन एवं अनुशासनात्मक जीवनशैली ही विद्यार्थी जीवन का मुख्य सूत्र है। उन्होंने पंक्ति के माध्यम से ''क्षितिज के पार है मंजिल, अभी तो दूर जाना है। भरो पंखों में जान, अभी नहीं विश्राम पाना है।।'' विद्यार्थियों को अविराम प्रयत्नशील बने रहने हेतु अभिप्रेरित किया।

संस्था उपाध्यक्ष श्री हीरो ज्ञानचंदानी ने अपने अभिभाषण में संस्था के 28वें स्थापना दिवस एवं वार्षिक खेल दिवस पर शुभकामनाएँ देते हुए संतजी की शुभ भावना से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता एवं आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर विभिन्न क्षेत्रों में ऊँचे पदों पर पदस्थ रहें। इसी क्रम में उन्होंने तकनीकी स्तर पर विद्यालम में रॉबोटिक एवं ए.आई. लैब की स्थापना द्वारा विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल विकसित कर विद्यालय को विश्व के सर्वोत्कृष्ट विद्यालय के रूप में स्थापित करने हेतु संकल्पित किया।

खेल को जीवन से जोड़ने के प्रति किया जागरुक

संस्था सचिव ए.सी.साधवानी जी ने अपने उद्बोधन में स्थापना दिवस एवं वार्षिक खेल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए संस्था के मुख्य उद्देश्यों से परिचित करवाया तथा संस्था की विभिन्न शाखाओं एवं उनके कार्यप्राणाली से अवगत कराते हुए संतजी के स्वर्णीम सपनों हेतु यह विद्यालय एवं महाविद्यालय निरन्तर प्रयासरत् है। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययनशील बने रहने तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु खेल को जीवन से जोड़ने हेतु अभिप्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य श्री अजय बहादुर सिंह एवं उप प्राचार्या श्रीमती आशा चंगलानी ने अपने अभिभाषण में कहा कि खेल नेतृत्व क्षमता, दायित्वबोध, अनुशासनबद्धता, आत्मनियंत्रण जैसे आदि गुणों को विद्यार्थियों में विकसित कर उन्हें स्वस्थ्य जीवनशैली प्रदान करता है।

रेलवे यूनियनों ने कराया था आंदोलन पर जाने के लिए मतदान

पुरानी पेंशन के लिए 90 फीसदी रेलकर्मी आंदोलन के लिए तैयार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

चुनाव के पहले तक पुरानी पेंशन राज्य सरकार के लिए जी का जंजाल बनी हुई थी अब यह केंद्र सरकार के लिए चुनौती बनने लगी है। इसके लिए केंद्रीय कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। देशभर के रेलकर्मी पुरानी पेंशन के लिए आंदोलन करने के लिए तैयार है। इस बात का खुलासा रेलवे की मान्यता प्राप्त यूनियनों द्वारा कराए गए मतदान में हुआ है। इसमें भोपाल, जबलपुर मंडल में कार्यरत रेलकर्मियों ने भी हिस्सा लिया था। यह मतदान 21 व 22 नवंबर को कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि रेलवे हो या अन्य केंद्रीय कर्मचारी संगठन उन्हें आंदोलन पर जाने से पहले गाइडलाइन के अनुसार यूनियन स्तर पर निष्पक्षता के साथ चुनाव कराने पड़ते है। जिसमें कर्मचारी मतदान के जरिए बताते हैं कि वे संबंधित विषय को लेकर आंदोलन पर जाना चाहते हैं या नहीं। इसी के आधार पर सरकार को यूनियनें पत्राचार करके बताती है कि जो मुद्दा उन्होंने उठाया है उसके साथ आम कर्मचारी भी है और यदि बात नहीं मानी तो आंदोलन ही एक मात्र जरिया है जिसके लिए कर्मचारी तैयार है। इस आधार पर सरकार या विभाग कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से लेती है या तो बीच का रास्ता निकाला जाता है या फिर मांगों को मानने से साफ मना कर सकता है ऐसी स्थिति में कर्मचारी आंदोलन करते भी हैं तो सरकार या संबंधित विभाग उस आंदोलन से चरमाने वाली व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पहल से इंतजाम करती है।

28 कर्मचारी संगठनों ने एक मोर्चा बनाकर लड़ाई शुरू की

भोपाल रेल मंडल में मान्यता प्राप्त यूनियन सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के मंडल अध्यक्ष टीके गौतम का कहना है कि पुरानी पेंशन ही भविष्य का सहारा है, जिसे कि बंद करके नई पेंशन योजना में कर्मचारियों को डाला गया है। इसमें नाममात्र का लाभ मिल रहा है, जिसकी वजह से कर्मचारी परेशान है इसलिए केंद्रीय स्तर पर 28 कर्मचारी संगठनों ने एक मोर्चा बनाकर लड़ाई शुरू की है।

बीयू: 30 नवंबर तक भरे जाएंगे पीजी थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन

एक दिसंबर से लगेगी 300 रुपए लेट फीस, 4 तक कर सकेंगे आवेदन

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) से संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी, एटीकेटी के विद्यार्थी 30 नवंबर तक सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। इसमें एमए. एम काम., एमएससी एमएससी होम साइंस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एम.ए. यौगिक साइंस के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन भरे जाएंगे। लेट फीस 300 रुपए के साथ आवेदन एक से चार दिसंबर के बीच भरे जाएंगे। वहीं विशेष विलंब शुल्क 1000 रुपये के साथ छह दिसंबर से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक फार्म भरे जा सकेंगे।

फाइल फोटो

नकल रोकने चार उड़नदस्तों की टीम गठित

बीयू ने यूजी व पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों की पीजी तीसरे, पांचवें और सातवें सेमेस्टर की नियमित व एटीकेटी की परीक्षाएं 11 दिसंबर से शुरू होना है। इस बार विवि प्रबंधन द्वारा नकल प्रकरण पर रोक लगाने के लिए चार उड़नदस्तों की टीम गठित की जा रही है। पिछली परीक्षाओं में 150 नकल प्रकरण बने थे। सभी में मोबाइल व ब्लूटूथ सहित अन्य माध्यमों से नकल के मामले सामने आए थे।

सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप के 31 तक होंगे आवेदन

सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटीज स्टूडेंट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 दिसम्बर तक होंगे। माशिमं की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 80 से अधिक पर्सेंटाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति के लिए तथा वर्ष 2019 से वर्ष 2022 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृत्ति हेतु के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइनप आवेदन ककर सकेंगे। यह स्कॉलरशिप मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं माध्?यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से महाविद्यालयीन एवं विश्व विद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाती है।

30 नवंबर तक नौवीं के नामांकन की ऑनलाइन सुविधा

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नौवीं के नामांकन में न्यूनतम आयु को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने छूट दी है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए न्यूनतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की गई है। शासन के आदेश के अनुक्रम में सत्र 2023-24 में 13 वर्ष पूर्ण न करने वाले छात्रों के नामांकन करने के लिए 30 नवंबर तक ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मंडल ने संस्था प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे छात्रों के कक्षा नौवीं के नामांकन निर्धारित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बता दें कि मप्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पहली में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु पांच वर्ष की है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा भी हर साल जारी निर्देशों में पांच वर्ष की न्यूनतम आयु के विद्यार्थियों को पहली कक्षा में प्रवेश देने के लिए सत्र की शुरुआत में निर्देश जारी करता है। इसके अनुसार माशिमं भी नवमी के नामांकन में न्यूनतम आयु 13 साल (5 प्लस 8) की है। लेकिन कई विद्यार्थी शासकीय स्कूलों में आठवीं तक निरंतर पढ़ते हुए वर्तमान में 12 साल उम्र तक के भी है। ऐसे में 31 दिसंबर 2010 के बाद के जन्म लेने वाले विद्यार्थियों का नवमीं में नामांकन नहीं हो रहा था।

टैबलेट खरीदी को लेकर लापरवाही जारी

आरएसके की फटकार के बाद भी पूरी नहीं हुई प्रक्रिया

अब 30 नवंबर तक का अल्टीमेटम

लोक शिक्षण आयुक्त ने जताई नाराजगी, सभी जिलों के डीईओ और बीइओ को दिए आदेश

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में टैबलेट खरीदी को लेकर लगातार लापरवाही की जा रही है, नतीजन एक साल बाद भी यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। हाल ही में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा (आरएसके) सभी जिलों को फटकार लगाते हुए 20 नवंबर तक अनिवार्य रूप से टैबलेट खरीदने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी जिलों में यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए लोक शिक्षण आयुक्त ने सभी जिलों को जिलों के डीईओ और बीईओ को आदेश जारी किए हैं और 30 नवंबर तक प्रक्रिया पूरी करने का अल्टीमेटम दिया है। आदेश में कहा गया है कि सरकारी स्कूलों में पदस्थ सभी व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक के द्वारा 30 नवंबर तक टैबलेट खरीद लिए जाएं।

यह है स्थिति

जारी आदेश में कहा है कि नवंबर माह की स्थिति में कुल लक्ष्य 44 हजार के विरूद्ध पंजीयन एवं क्रय की स्थिति काफी न्यूनतम है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, 33,077 पंजीयन हुए हैं। प्रतिपूर्ति जमा 23,583 बीआरसी द्वारा तकनीकी सत्यापन 21,759 और रिम्बर्समेंट कार्यवाही पूर्ण 20 हजार 75 की हुई है। लोक शिक्षण संचानालय आयुक्त ने 30 नवंबर तक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

टेबलेट खरीदने में रुचि नहीं

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षक स्कूल शिक्षा विभाग के बार-बार निर्देश देने के बाद भी टेबलेट खरीदने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। हालात यह हैं कि करीब एक साल से चल रही टैबलेट खरीदी की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

आरजीपीवी यूआईटी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 से

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

आरजीपीवी यूटीडी के पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 नवंबर से शुरू हो रही हैं। यह परीक्षा 20 दिसंबर तक चलेंगी। वहीं चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होंगी, जो 28 दिसंबर तक चलेंगी। इसी तरह छठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 से शुरू हो रही है। परीक्षा का समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा।

जेईई के लिए आवेदन 30 तक भर सकेंगे

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की जेईई मेन के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। अंतिम तारीख 30 नवंबर है। परीक्षा दो सत्र में होगी। संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई (मेन)-2024 सत्र-1, जनवरी में आयोजित की जाएगी। वहीं, दूसरे सत्र की परीक्षा अप्रेल में आयोजित की जाएगी। पहली बार एनटीए ने दोनों ही सेशन के परिणामों की तारीखें भी घोषित की हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कलेक्टर को हटाने की मांग

भोपाल, दोपहर मेट्रो। बालाघाट में स्ट्रांग रूम से पोस्टल बैलट नियत तिथि के पहले निकले जाने के मामले में कांग्रेस ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को ज्ञापन सौप कर कलेक्टर को हटाने की भी मांग की।चित्र में उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया और राजीव सिंह।

एग्जिट पोल व परिणाम के प्रकाशन पर 30 तक है पूर्णत: रहेगा प्रतिबंध

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचरण संहिता के दौरान 30 नवम्बर की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी की गई थी। यदि कोई व्यक्ति प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

मेट्रो एंकर चयन प्रक्रिया 900 अंक की होगी, 100 अंक का साक्षात्कार होगा

असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा तीन फेज में होगी, पहला फेज 28 जनवरी को

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षा को तीन अलग-अलग फेज में कराना तय किया है। परीक्षा के पहले फेज 28 जनवरी 2024 को वनस्पति, वाणिज्य, अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, गृहविज्ञान, गणित, संस्कृत के अलावा ग्रंथपाल और क्रीड़ा अधिकारी के लिए भी परीक्षा करना तय किया गया है।

दरअसल, यूजीसी नेट के परीक्षा पैटर्न में बदलाव होने के साथ ही एमपीपीएससी ने भी अंक योजना में बदलाव कर दिया है। उच्च शिक्षा विभाग के सरकारी कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए पहला फेज 28 जनवरी से शुरू होगा। इसके बाद दूसरे फेज की परीक्षा 26 मई को और तीसरे फेज का परीक्षा 17 नवंबर को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 10 विषयों के लिए होगी। इस बार इंटरव्यू सहित पूरी चयन प्रक्रिया कुल 900 अंक की होगी। इसमें 800 अंक के दो पेपर होंगे। 100 अंक का साक्षात्कार होगा। तीनों के अंक मिलाकर मेरिट जारी की जाएगी। पहले सिर्फ परीक्षा के अंक ही मेरिट में शामिल किया जाते थे। पीएससी की तैयारी करा रहे प्रो. एसके मल्होत्रा ने बताया कि मेरिट 900 अंक के आधार पर बनेगी। इस परीक्षा में अतिथि विद्वानों को पूर्व की ही तरह प्रति सत्र के लिए 4 अंक के हिसाब से अधिकतम 20 बोनस अंक का फायदा मिलेगा। 25 प्रतिशत आरक्षण का लाभ अगली भर्ती परीक्षा से ही मिल सकेगा।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ
विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

सुविचार

`` किसी का भला करके देखो, हमेशा लाभ में रहोगे, किसी पर दया करके देखो, हमेशा याद में रहोगे !''

-अज्ञात

संपादकीय

उम्मीदें अभी बाकी हैं

भारतीय कूटनीति की असल परीक्षा इन दिनों कतर में चल रही है। कतर की एक अदालत में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को जिस तरह मौत की सजा सुनाई थी, वह इसका पैमाना है। हालांकि वह सजा पहले ही सवालों के घेरे में थी। इसलिए भारत की ओर से इस पर कोई ठोस पहलकदमी या कूटनीतिक कदम उठाए जाने की उम्मीद ही थी। इसी क्रम में भारत ने कतर की अदालत के फैसले के खिलाफ औपचारिक रूप से अपील की। अब खबर के मुताबिक, अब कतर की अदालत ने भारत की इस याचिका को स्वीकार कर लिया है और इसका अध्ययन कर जल्दी ही सुनवाई शुरू की जाएगी। इस तरह न केवल मौजूदा कानूनी दायरे के बरक्स विकल्पों पर विचार हो सकेगा, बल्कि मानवीय लिहाज से भी इस फैसले का आकलन किया जाएगा। वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के बीच जैसे संबंध होते हैं, उसके मद्देनजर भी कानूनी कसौटियों पर विचार और जरूरत के मुताबिक उसकी उचित व्याख्या की जरूरत महसूस की जाती है। यह भी देखे जाने की जरूरत होती है कि क्या ऐसे मामलों में अंतराष्ट्रीय कानूनों की भूमिका बनती है। वैसे तो अपने नागरिकों पर किसी अन्य देश में कानूनी कार्रवाई पर अपना रुख तय करना किसी भी देश का अधिकार है। यह आरोपों की गंभीरता और प्रकृति पर निर्भर करता है कि कोई देश ऐसे मामले में क्या प्रतिक्रिया देता है। कतर में जिन आठ भारतीय नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई गई है, उन पर लगे आरोपों के बारे में कोई साफ तस्वीर नहीं है। फिर अगर वहां की कानूनी व्यवस्था ने अपनी कसौटियां लागू की भी, तो यह देखने की जरूरत है कि क्या मौत की सजा के अलावा अन्य कोई विकल्प मौजूद नहीं है। गौरतलब है कि जिन अधिकारियों को सजा सुनाई गई, वे कतर की एक निजी नौसेना कंपनी में नौकरी करने गए थे। मगर पिछले साल कतर की पुलिस ने इन अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया था। हैरानी है कि शुरुआती दिनों में कतर ने इस मामले को गुप्त रखा। हालांकि यह बताया गया कि पकड़े गए अधिकारी इजराइल के लिए कतर की पनडुब्बी परियोजना की जासूसी कर रहे थे। मगर इस मसले पर जिस स्तर की गोपनीयता बनाए रखी गई और पारदर्शिता का खयाल नहीं रखा गया, उससे उसके औचित्य को लेकर सवाल उठे। भारत के लिए यह अपने नागरिकों के प्रति मानवीय दायित्व का मामला भी है, इसलिए इसकी ओर से इस सजा पर फिर से विचार करने की अपील करना स्वाभाविक है। अब कानूनी कार्रवाई और सजा को लेकर कतर की अदालत ने अगर भारत की अपील पर विचार करना मंजूर किया है, तो यह मानवीय तकाजों के लिहाज से एक जरूरी कदम होने के साथ-साथ भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से भी सकारात्मक कदम है। हालांकि भारत और कतर के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ता रहा है लेकिन बीच में कुछ ऐसे मामले आये थे,जिससे कतर अनमना लगा था लेकिन बाद में फिर चीजें सामान्य होती गईं। अब भारतीय राजननिकों व सरकार के सामने चुनौती जैसा ही है कि वह आठ भारतीयों को मौत की सजा से बचाए।

निशाना

छोड़ रहे सब बाण !

-कृष्णेन्द्र राय

वादे और दावे का ।
छोड़ रहे सब बाण ।।
चल रही जो ख़बरें ।
हैं उसका प्रमाण ।।
अपने अपने पाले में ।
है करने का काल ।।
एक दूसरे से शुरू ।
है अभी सवाल ।।
हम ही हैं शुभचिंतक ।
याद है दिलाया ।।
रखना थोड़ा धैर्य ।
है उनका सफाया ।।
चालू है प्रचार ।
है यही निचोड़ ।।
ना जब तक परिणाम ।
हम ही हैं बेजोड़ ।।

आज का इतिहास

- 1520 - फर्डिनान्द मैगलन ने प्रशांत महासागर को पार करने की शुरुआत की।
- 1660 - लंदन में द रॉयल सोसायटी का गठन हुआ।
- 1676 - बंगाल की खाड़ी के तट पर पूर्वी भारत के उपजाऊ क्षेत्र और महत्वपूर्ण बंदरगाह पुड्डुचेरी पर फ़्रांसीसियों का क़ब्ज़ा हो गया।
- 1814 - द टाइम्स ऑफ लंदन को पहली बार स्वचालित प्रिंट मशीन से छापा गया।
- 1821 - पनामा ने स्पेन से आजाद होने की घोषणा की।
- 1893 - न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय चुनाव में पहली बार महिलाओं ने मतदान किया।
- 1912 - इस्माइल कादरी ने तुर्की से अल्बानिया के आजाद होने की घोषणा की।
- 1956 - चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई भारत आए।
- 1966 - डोमनिकन रिपब्लिक ने संविधान अपनाया।
- 1990 - चुनावों के उपरान्त जान मेजर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
- 1996 - कैप्टन इन्द्राणी सिंह एयरबस ए-300 विमान को कमांड करने वाली पहली महिला बनीं।
- 1997- प्रधानमंत्री आई के गुजराल ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
- 1999 - एशिया कप हॉकी का ख़िताब दक्षिण कोरिया ने पाकिस्तान को हराकर जीता, भारत ने कांस्य पदक मलेशिया को हराकर जीता।
- 2001 - नेपाल ने माओवादियों से निपटने हेतु भारत से दो हैलीकॉप्टर मांगे।
- 2002 - कनाडा ने हरकत उज मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया।
- 2006 - नेपाली सरकार और माओवादियों के मध्य हथियारों के मैनेजमेंट पर संधि सम्पन्न।
- 2007 - दो एशियाई देशों के बीच मधुर होते रिश्तों के चलते द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पहली बार चीन के युद्धपोत जापान भेजे गए।

संविधान : चौहत्तर साल की विकास यात्रा, इस राह पर 50 देशों से बेहतर है हमारा रिकॉर्ड

हरबंश दीक्षित

बीते वर्षों में हमने संविधान के तमाम आदर्शों के पालन का प्रयास किया है और अधिकतर मामलों में हमारा रिकॉर्ड शानदार रहा है। हमारे साथ आजाद हुए करीब 50 देशों में से कहीं भी लोकशाही वहां के जनजीवन में वह पैठ नहीं बना पाई है, जो हमारे देश में बनी है।



चौहत्तर वर्ष पहले 26 नवंबर, 1949 को हमने अपने संविधान को अधिनियमित तथा अंगीकृत किया था। किसी राष्ट्र के जीवन काल में यह बहुत बड़ा कालखंड नहीं माना जाता, किंतु इन वर्षों में उस राष्ट्र के भविष्य की पीठिका तैयार हो जाती है। संविधिक विकास के लिहाज से शुरुआती कुछ दशक अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इनमें कानूनी व्यवस्था का नया ढांचा तैयार होता है, उसे आत्मसात करने की परंपरा विकसित की जाती है तथा कानून की न्यायिक व्याख्या की दिशा तय होती है। संविधान के माध्यम से हमने अपने राष्ट्र को प्रभुता संपन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया तथा समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय देने का संकल्प लिया। हमने ऐसे समाज की परिकल्पना की, जिसमें विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म तथा उपासना की स्वतंत्रता के साथ ही सभी नागरिकों के लिए प्रतिष्ठा और अवसर की समानता हो।

संविधान आजादी और खुशहाली के वादे का दस्तावेज होता है। संविधान हमें सपने देखने और उसके मुताबिक समाज निर्माण करने की आजादी और जज्बे को भी निरूपित करता है। उसमें केवल काले-सफेद अक्षरों की भरमार नहीं होती, बल्कि वह सुशासन के लिए लिपिबद्ध भावपुंज भी होता है। लेकिन उसे मजबूती देने के दायित्व का निर्वहन उसके नागरिकों को करना होता है। हमारे संविधान के माध्यम से हमारे पूर्वजों ने रामराज्य का सपना देखा था, जिसमें सभी समान हों। सभी लोग कानून की मर्यादा में रहें। राज्यसत्ता को राम की खड़ाऊं मानकर तथा अपने आपको उसका सेवक मानकर जनता की सेवा करें। कानून का पालन निष्पक्षतापूर्वक हो। निर्णय लेते समय किसी का भय न हो तथा किसी वस्तु का लालच उन्हें विचलित न कर सके।

बीते वर्षों में हमने संविधान के तमाम आदर्शों के पालन का प्रयास किया है। और अधिकतर मामलों में हमारा रिकॉर्ड शानदार रहा है। हमारे साथ आजाद हुए करीब 50 देशों में से कहीं भी लोकशाही वहां के जनजीवन में वह पैठ नहीं बना पाई है, जो हमारे देश में बनी है। हमारे पड़ोसी देशों-पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे किसी भी देश में लोकतंत्र कभी खुली हवा में सांस नहीं ले पाया। वह हर समय सैनिक तानाशाही की संगीनों से भयभीत रहा। इस बीच हम सत्रह बार आम चुनावों के माध्यम से केंद्र की सत्ता के शालीन हस्तांतरण के गौरवपूर्ण क्षणों के साक्षी रहे हैं। आम आदमी का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। भारतीयों ने पूरे विश्व में अपनी क्षमता की छाप छोड़ी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हम सम्मान से देखे जाते हैं। इसके बावजूद कुछ ऐसे क्षण आए हैं, जब हमने संविधान की मर्यादा से छेड़छाड़ की है, उसे चोट पहुंचाई है और उसकी अवमानना की है। हमारे इस आचरण ने संविधान की प्रतिष्ठा और हमारे लोकतंत्र को चोट पहुंचाई है। हमें उन पर ध्यान देने की जरूरत है। उन दोषों के परिकरण की आवश्यकता है।

हमारा संविधान सामाजिक और आर्थिक न्याय का जीवंत दस्तावेज है। आजादी के बाद के वर्षों में किए गए प्रयास इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। जमींदारी उन्मूलन जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियां राष्ट्र के खाते में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हैं। विश्व के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, जब कुछ हजार जमींदारों से जमीन लेकर लाखों भूमिहीन किसानों को दे दी गई और यह सब कुछ बगैर किसी का खून बहाए हुए शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। दुनिया में कोई ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं है, जहां इतने व्यापक भूमि सुधार इतने शांतिपूर्वक संपन्न हुए हों। कम्युनिस्ट देश अपने लाखों नागरिकों का खून बहाकर भी भूमि सुधारों के क्षेत्र में जो कुछ हासिल करने में सफल नहीं हो पाए, उसे हमने शांतिपूर्वक लागू कर दिया, जिसका लाभ आज पूरे देश को मिल रहा है।

शिक्षा सामाजिक उन्मेष की आधारशिला है। यह ज्ञान की नई दुनिया का प्रवेश द्वार खोलती है, स्वतंत्र विचारधारा विकसित करने में मदद करती है, भ्रांतियों के अंधकार से बाहर निकालती है और आत्मविश्वास व स्वाभिमान में वृद्धि करती है। इसे संविधान के अनुच्छेद 21(क) के रूप में मूल अधिकार का दर्जा दिया गया है। राज्यों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं, ताकि कोई भी बच्चा अशिक्षित नहीं रहे, उसे आगे बढ़ने में कोई बाधा न रहे। यह बहुत बड़ा कदम है। संविधान का अनुच्छेद 370 और अदृश्य अनुच्छेद 35(अ) हमारे मर्मस्थल पर चुभे हुए कांटे जैसा था। चार वर्ष पहले इस दिशा में की गई सार्थक पहल ने समता, स्वतंत्रता और स्वाभिमान को व्यापकता दी। जम्मू-कश्मीर के अलगाववाद से निपटने में आने वाली सबसे बड़ी बाधा दूर हुई। एक राष्ट्र, एक विधान और एक निशान का संकल्प पूरा हुआ। अब वहां जाने के लिए किसी परमिट की जरूरत नहीं है। देश के दूसरे हिस्से की तरह अब वहां पर शेष भारत का कोई भी व्यक्ति बस सकता है और संपत्ति खरीद सकता है। महिलाओं को बराबरी का हक हासिल हुआ और वंचित-शोषित लोगों को आरक्षण का अधिकार मिला। अनुच्छेद 370 और 35(अ) हमारी राजनीतिक पराजय का प्रतीक था। देश ने उसे संविधान से हटाकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 को संविधान सभा में दिए गए अपने भाषण में कहा था कि किसी भी देश के संविधान की सफलता उस देश के नागरिकों तथा संविधान को चलाने वालों के चरित्र और उनकी नीयत पर निर्भर करती है। उन्होंने आगे कहा था कि चाहे कितना भी अच्छा संविधान क्यों न हो, यदि उसके चलाने वालों में संविधान के मूल्यों के प्रति समर्पण और उसे लागू करने का जज्बा न हो, तो संविधान निर्जीव अक्षरों का समूह मात्र बना रहेगा। इसके उलट यदि किसी संविधान में कोई कमी रह गई हो, किंतु उसका पालन करने वाले लोग यदि संविधान के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान हैं, तो उन कमियों को दूर करके जीवंत समाज का निर्माण करेंगे। पिछले 74 वर्षों के हमारे अनुभव ने डॉ. आंबेडकर के कथन को अक्षरशः सही होते हुए देखा है। संविधान के उच्च आदर्शों के प्रति हमारी निष्ठा ने बीते वर्षों में हमें अग्रिम पंक्ति तक पहुंचा दिया है। हम केवल वहीं विफल हुए हैं, जहां हमारे नागरिकों और शासक वर्ग ने संविधान के मूल्यों की अनदेखी की है।

- **साभार :** लेखक तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में विधि संकाय के डीन और प्रोफेसर हैं।

अर्जेंटीना को मिले स्वदेशी ट्रंप, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के सामने अब वादों पर खरा उतरने की चुनौती

रॉस डॉट

बिखरे बाल, पांच क्लोन कुत्ते रखने का शगल और अपने मृत कुत्ते से मानसिक संवाद करने की आदत रखने वाले जेवियर मिलई के अर्जेंटीना के राष्ट्रपति चुने जाने से वैश्विक असंतुष्टि के वर्तमान दौर में बढ़ती दक्षिणपंथी लोकप्रियता की वास्तविक प्रकृति पर चर्चा को प्रेरणा मिली है। मिलई और डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति में काफी समानताएं हैं। भ्रष्ट अभिजात वर्ग की आलोचना, वामपंथियों के प्रति नफरती भावना और सामाजिक-धार्मिक रूढ़ियों को समर्थन। हालांकि आर्थिक मोर्चे पर वह ट्रंप की लोकलुभावन शैली की तुलना में सिद्धांत आधारित स्वतंत्र विचार रखते हैं। जिस पार्टी को उन्होंने हराया, और जिसने 21वीं सदी के ज्यादातर समय में देश पर शासन भी किया, वह पैरोनिस्ट मूवमेंट आर्थिक तौर पर ज्यादा राष्ट्रवादी है।

2001 के वित्तीय संकट के बाद उभरी पैरोनिस्ट पार्टी वही है, जिसने नव उदारवादी अर्थशास्त्र के साथ अर्जेंटीना के सबसे उल्लेखनीय प्रयोग को खत्म कर दिया था। जाहिर है, ट्रंप और मिलई की राजनीति में फर्क भी देखे जा सकते हैं। वैश्विक संदर्भ में देखें, तो पता चलता है कि दक्षिणपंथी दलों ने कुछ लचीलापन दिखाया है। दरअसल, दक्षिणपंथी राजनीति का सार यह है कि इसमें ऐसे लोग आगे रहते हैं, जो राष्ट्र के नवनिर्माण की बात करें और प्रचलित मानदंडों के खिलाफ विद्रोही रुख रखें। नीति संबंधी बातें इसमें भले ही पीछे छूट जाएं। कमोबेश एक जैसी दिखने वाली विभिन्न देशों की दक्षिणपंथी सरकारों की कार्यशैली आर्थिक संदर्भों और राजनीतिक हवाओं से निर्धारित होती है। जब विकसित विश्व में 1990 और 2000 के दशक में नव उदारवाद कमजोर हो रहा था, तब लैटिन अमेरिका में दक्षिणपंथ कुछ अलग तरह से पनपने की कोशिश कर रहा था।

पश्चिमी यूरोप और अमेरिका में लड़ाई हमेशा पेशेवर वर्गों की एक मध्य-वामपंथी पार्टी एवं लोकलुभावन दक्षिणपंथ के बीच दिखती है। बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर की सरकारें आर्थिक मोर्चे पर प्रगतिशील साबित हुईं, पर सांस्कृतिक स्तर पर उनका झुकाव वामपंथ की ओर ही रहा। यह प्रवृत्ति अमेरिका, इंग्लैंड के साथ फ्रांस में भी दिखी। इस दौरान, दक्षिणपंथी सरकारों ने भी अपनी राजनीति में कुछ बदलाव लाया, जिससे वे संरक्षणवाद और पुनर्वितरण का पक्ष लेती दिखीं।

ट्रंप के व्यक्तित्व और उनकी राजनीति ने वैश्विक समुदाय को संकट की स्थिति में डाल दिया था। लेकिन उस भविष्य की कल्पना करके देखें, जब यह व्यवस्था बिल्कुल सामान्य हो जाएगी और किसी दक्षिणपंथी सरकार के आने या किसी स्थापित पार्टी के जीतने पर लोग लोकतंत्र को बचाने की बात करना बंद कर देंगे। लोकलुभावन राजनीति ने अति वाम और अति दक्षिणपंथ के बीच स्पष्ट ध्रुवीकरण किया, जिसमें वामपंथी सांस्कृतिक तौर पर प्रगतिशील, लेकिन बाइडन या मैक्रों की तुलना में ज्यादा समाजवादी और वहीं, दक्षिणपंथ सांस्कृतिक स्तर पर पुरातनवादी लेकिन ट्रंप की तुलना में ज्यादा उदारवादी दिखता है। अर्जेंटीना में ज्यादा स्वतंत्र विचार वाली पार्टी का लोकप्रिय और आर्थिक मोर्चे पर ज्यादा राष्ट्रवादी प्रकृति के वाम दल को हराना इस पैटर्न का एक उदाहरण है। इसका एक अन्य उदाहरण ब्राजील में लूला दि सिल्वा और जायरे बोल्सोनारो के बीच भी दिखा था।

अर्जेंटीना के पैटर्न में एक कमजोर केंद्र और लोकप्रिय राजनीति की धाराओं में एक गहरा ध्रुवीकरण मिलता है। लैटिन अमेरिका के लिए सवाल यह है कि ऐसी ध्रुवीकृत परिस्थितियों में लोकतंत्र कितना स्थिर रह सकेगा। यूरोप और अमेरिका के लिए सवाल है कि क्या चिली और अर्जेंटीना की स्थितियां उनके भविष्य की ओर इशारा कर रही हैं। शायद तुरंत ऐसा न हो। लेकिन, भविष्य में ऐसा होने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता। मिलई की प्रचंड जीत का सबसे स्पष्ट सबक है कि अगर वह अभी भी अर्जेंटीना को स्थिरता नहीं दे सके और वहां की अर्थव्यवस्था को चुनौतियों से नहीं निकाल सके, तो भविष्य के लिए यह खतरे की घंटी होगा। वैसे भी, मिलई के सामने सियासी चुनौतियां भी होंगी, क्योंकि वह राष्ट्रपति बेशक बन गए हों, लेकिन उनकी पार्टी को संसद में बहुमत नहीं मिला है। उन्हें दूसरे दलों के समर्थन की जरूरत होगी और जो घोषणाएं उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान की थीं, उन्हें पूरा करने की भी चुनौती का सामना उन्हें करना पड़ेगा।

साभार : ये लेखक के अपने विचार हैं।

उच्च न्यायालय एवं परिवहन आयुक्त से प्राप्त हुए निर्देश, आरटीओ ने दिए निर्देश

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाना हुआ अनिवार्य

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहन जो आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत हुए हो, ऐसे वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एच एस आर पी) लगवाना वाहन स्वामियों के लिए अनिवार्य हो गया है। जिसकी अंतिम तिथि 15 दिसंबर तय की गई है, निर्धारित तिथि तक परिवहन विभाग द्वारा बिना (एच एस आर पी) नंबर प्लेट वाले वाहन मालिकों को जागरूक तथा इन नंबर प्लेट लगाने के लिए प्रेरित हेतु अभियान चलाया जाएगा। 15 दिसंबर के बाद बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाले वाहनों पर चालानी तथा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी, उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशानुसार 15 जनवरी 2024 तक शत प्रतिशत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगना अनिवार्य किया गया है। निर्देशों के पालन न करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही एवं चालान किया जाएगा। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट से होने वाले फायदे है कि आसानी से तथा साफ नंबर का दिखाई देना।

नंबर प्लेट के पंच होने से आसानी से किसी अन्य के द्वारा बदली नही जा सकती। नंबर प्लेट से वाहन तथा वाहन मालिक की पूरी जानकारी मिल जाती है। वाहन को डुप्लीकेट नंबर प्लेट नही बन पाएगी। वाहन हमेशा सुरक्षित रहेगा। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट, यह प्लेट एलुमिनियम निर्मित नंबर प्लेट हैं जो वर्तमान में पंजीकृत नवीन वाहनों पर अनिवार्य रूप से लगाई जा रही है। इस नंबर प्लेट के ऊपर बाई ओर एक नीले रंग का होलोग्राम होता है जिसके नीचे एक यूनिक लेकर ब्रांडेड 10 अंकीय स्थायी पहचान संख्या पिन दिया जाता है। जिसे स्कैन करने पर वाहन संबंधित संपूर्ण जानकारी मिल जाती है। इसके अलावा पंजीकृत अंको पर एक हॉट स्टेप फिल्म लगाई जाती है और साथ में नीले रंग में शॉर्ट इंडिया लिखा होता है। आरटीओ श्रीमति निशा चौहान ने बताया कि 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने हेतु उच्च न्यायालय एवं परिवहन आयुक्त कार्यालय से निर्देश प्राप्त हुआ है। विभागीय जांच दल द्वारा 15 दिसंबर 2023 तक जन जागरूकता अभियान चलाकर वाहन स्वामियों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। 15 दिसंबर के बाद बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगे वाहनों पर जांच दल द्वारा चालानी एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

मावठे की बारिश से बढ़ी ठंड गेहूं और चने के लिए साबित होगी वरदान

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो

नवंबर के आखिरी सप्ताह में लगातार 2 दिन से हो रही रुक-रुक कर मावठे की बारिश से वातावरण में शीतलता आई है जिसके कारण ठंड में इजाफा हुआ है। लोगों ने आब यूनी कपड़े निकाल लिया है। वही ठंडी इतनी तेज पढ़ने लगी है कि अधिकतर लोग घरों में अलाव का सहारा ले रहे हैं,वहीं दूसरी ओर इस बारिश से जो गेहूं और चने की फसल उग आई है उसके लिए वरदान साबित होगी और निश्चित ही उन फसलों में एक नई ऊर्जा और के साथ बाहर निकलेंगे जिसमें पैदावारी में भी काफी अच्छी होगी जो गेहूं की फसल है उसमें यह पानी यूरिया का काम करेगा और तेजी से बाहर निकलेगा जिन किसानों ने अभी पानी के अभाव में बोनी नहीं करी है उनको आप पलेवा करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी वह किसान सीधे अब बतर आने पर बोनी कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर पहाड़ी क्षेत्रों में दो दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण बादलों ने डेरा डाला हुआ है मौसम बिल्कुल खुशनुमा हो गया है जिसके कारण लोग जंगलों की शेर करने भी निकल रहे हैं।

समुदाय स्तर पर जन-जागरूकता एवं मलेरिया से बचाव की जानकारी

सीहोर, दोपहर मेट्रो

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में समुदाय स्तर पर जन-जागरूकता के तहत डेंगू के प्रति आम लोगों को सचेत किया जा रहा हे। मौसम परिर्वतन तथा बार-बार मौसम में बदलाव को देखने को मिल रहा है। ऐसे में ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसे मौसम में लार्वा पनपने की संभावना होती है, अतः लोगों को मच्छर से बचाव रखने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मलेरिया विभाग के सहयोग रहवासियों को जनजागरुकता के माध्यम से एवं पोस्टर बैनर के माध्यम से डेंगू और मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया है, इसके साथ ही घर- घर भ्रमण एवं सामुदायिक बैठक के माध्यम से लोगों को डेंगू एवं मलेरिया के प्रति जागृत किया जा रहा है, ताकि समुदाय के लोग अपने- अपने घरों की स्वयं निगरानी करें, एक हफ्ते से ज्यादा पानी जमा न होने दें। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से कहा कि पानी की टंकी एवं फ्रिज की ट्रे को समय-समय पर जांच करते रहें, हर हफ्ते में एक बार पानी अवश्य बदले और घर में किसी को बुखार आने की स्थिति में पर में तुरंत ही चिकित्सालय जाकर खून की जांच कराएं।, इसके साथ ही समुदाय स्तर पर लोगों को मलेरिया के बारे में समझाया। साथ ही कैसे बचाव करे के बारे में बताया।

कलेक्टर ने केंद्रो पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

मानक मापदंडों के अनुरूप धान खरीदी की जाए: कलेक्टर

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

खरीफ विपणन वर्ष 2023 24 अंतर्गत जिले में 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। खंड स्तरीय उपार्जन समिति की अनुशंसा के आधार पर जिला उपार्जन समिति द्वारा डबल्यूडीआरए लाइसेंस युक्त 58 गोदाम स्तरीय खरीदी केंद्र तथा मोटे अनाज की खरीदी के लिए तहसील सिवनीमालवा अंतर्गत बालाजी वेयरहाउस खरीदी केंद्र निर्धारित किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी उपार्जन संबंधी अधिकारियों को खरीदी केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मानक मापदंडों के अनुरूप ही धान खरीदी की जाएं।

जिले में 58 केंद्रो पर 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक होगी धान खरीदी

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील नर्मदापुरम में मंडी स्तरीय, महावीर वेयरहाउस आंचलखेड़ा, एचएल वेयरहाउस ब्यावरा ,तहसील डोलरिया अंतर्गत मां गीता वेयर हाउस डुडूगांव, एचएस पालीवाल वेयरहाउस, डोलरिया, यश यज्ञ वेयरहाउस गुनौरा, तहसील माखननगर अंतर्गत सत्याग्रह डेरिया वेयरहाउस माखननगर , ममता वेयरहाउस बागरा तवा, बाबा वेयरहाउस आंखमऊ, राजपूत वेयरहाउस 29 बागलखेड़ी, संगठन डेरिया वेयरहाउस आरी , जयंती सीड्स एवं प्रोसेसिंग वेयरहाउस बहरापुर, गोद भंडारण सिरवाड़, बालाजी मोहासा सांगाखेड़ाकला, कामिनी वेयरहाउस 62 सांगाखेड़ा खुर्द, तहसील इटारसी अंतर्गत एसडबल्यूसी इटारसी गोदाम 12 13 पवारखेड़ा, एसडबल्यूसी गोदाम 7 8 रेसलपुर, बाबा वेयरहाउस घाटली , मीना वेयरहाउस केसला, असमी वेयरहाउस जमानी , सयमत रतन लाल वेयरहाउस ग्राम बोरतलाई, लक्ष्मी विनायक वेयरहाउस ग्राम सुपराली , प्लैटिनम एग्रोपार्क रामपुर , सोहागपुर अंतर्गत एसडबल्यूसी सोहागपुर , एमपीडब्ल्यूएलसी 29 सेमरीहरचंद, शक्ति एग्रो वेयरहाउस 23 ग्राम बोदी , रघुवंशी वेयरहाउस ग्राम करनपुर, गजानन वेयरहाउस शोभापुर , हरि वेयरहाउस अजनेरी , तहसील सिवनी मालवा अंतर्गत एसडब्ल्यूसी बनापुरा 15, एसडब्ल्यूसी हथनापुर 10, कलवानी वेयरहाउस धर्मकुंडी ,अन्नपूर्णा वेयरहाउस बाराखड़कला, अथर्व वेयरहाउस भैरोपुर, रौनक एसोसिएट दमाडिया जय दुर्गे इंफ्रा पिपरियाकला, अग्रवाल वेयरहाउस शिवपुर, बालाजी वेयरहाउस बानापुरा , पिपरिया अंतर्गत समृद्धि एग्रो सर्विसेज ग्राम खापरखेड़ा, इंद्रेश वेयरहाउसिंग ग्राम सांडिया, इशिता वेयरहाउस ग्राम्स राईखेड़ा, साइ वेयरहाउस ग्राम समनापुर , कृष्णा वेयरहाउस ग्राम घोघरा, हेमलता एग्रो वेयरहाउस ग्राम पुनोर , शिवानी वेयरहाउस ग्राम मरकाढाना, सौरभ वेयरहाउस ग्राम सेमरीरणधीर ,अनंतश्री वेयरहाउस ग्राम पडरखा,गणपति वेयरहाउसिंग ग्राम चादौन एवं गोपाल वेयरहाउस बामनवाड़ा, बनखेड़ी अंतर्गत मंडी परिसर गायत्री वेयरहाउस नयाखेड़ा , एसडब्ल्यूसी मछेराकला , सीताभोज वेयरहाउस, कैलाश वेयरहाउस बांचावानी, सेवा संस्था मुख्यालय चादौन, एसडब्ल्यूसी समनापुर, एसडब्ल्यूसी बनखेड़ी एवं समिति प्रांगण बनखेड़ी केंद्र का निर्धारण किया गया है।

मतगणना स्थल पर सभी तैयारी सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

मतगणना की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले की चारो विधानसभा में हुए मतदान की मतगणना 3 दिसम्बर को होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने मतगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। मतगणना दलों को भलिभाँति आयोग के नियमानुसार मतगणना संबंधी दायित्वों की विस्तार से जानकारी दे।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मतगणना स्थल पर पर्याप्त बैरिकेटिंग के साथ ही सुरक्षा से संबंधित सभी तैयारियां समय पूर्व पूरी की जाए। मतगणना स्थल पर मीडिया कक्ष, मंच, लाइट, बैरिकेटिंग, लाउडस्पीकर, फर्नीचर, कुर्सी, टेंट, टेबल, पेयजल सहित सभी आवश्यक सामग्रियों एवं साधनों की उपलब्धता 28 नवंबर तक कर ली जाए। मतगणना की तैयारीयों के संबंध में 29 नवंबर को मॉकड्रील की जाएगी। बैठक में बताया गया कि मतगणना दलों का प्रथम रेंडामाईजेशन 28 नवंबर को किया जाएगा।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत,अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। रिटर्निंग अधिकारी आशीष पांडे, बृजेन्द्र रावत, संतोष कुमार तिवारी, प्रमोद गुर्जर वीसी के जरीए बैठक में उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स में छात्र-छात्राओं का हुआ चयन

सिवनी मालवा। राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सिवनी मालवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालापाट से भाला फेंक मे 19 वर्ष, रोहित कलमें मालापाट ऊंची कूद मे 17 वर्ष, टीना नागले मालापाट में प्रथम स्थान पर रहे। यह खिलाड़ी 15 दिसंबर को होने वाली राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जायेगे । संकुल प्राचार्य सुभाष राठौर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा के प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह रघुवंशी ने समस्त खिलाड़ियों को और छात्र-छात्राओं के कोच सन्तोष कुमार सूरमा को भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई दी ।

मेट्रो एंकर

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रायसेन में 3 दिसम्बर को होगी मतगणना

मतगणनाकर्मियों को डाक मतपत्रों, ईटीपीबीएस गणना का प्रशिक्षण

रायसेन, दोपहर मेट्रो

मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं में 17 नवम्बर को हुए मतदान की मतगणना 03 दिसम्बर 2023 को रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। जिसमें मतगणना कार्मिकों को डाक मतपत्रों की गणना के संबंध में प्रशिक्षण देते हुए मतगणना की प्रक्रिया की बिन्दुवार जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री दुबे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतगणना कार्मिकों से कहा कि वह पूरी लगन और गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि डाक मतपत्रों की गणना में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। उन्होंने बताया कि मतगणना 03 दिसम्बर को प्रातः 08 बजे से प्रारंभ होगी तथा प्रथम चरण में डाक मतपत्रों की गणना की जाएगी। इसके उपरांत ईवीएम मतों की गणना की जाएगी। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईटीपीबीएस मतों की गणना, डाक मतपत्रों की गणना के प्रत्येक चरण के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहित संबंधित अधिकारी और मतगणनाकर्मी उपस्थित रहे।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में मतगणना की प्रक्रिया 03 दिसम्बर को प्रातः 08 बजे प्रारंभ होगी। प्रत्येक विधानसभा हेतु दो मतगणना कक्ष बनाए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र सांची, उदयपुरा, भोजपुर हेतु प्रथम कक्ष में ईवीएम से मतगणना हेतु कुल 07 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की गणना हेतु कुल 03 टेबल लगाई गई है और कक्ष क्रमांक-02 में ईवीएम से गणना हेतु कुल 11 टेबल लगाई गई है।

सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रथम मतगणना कक्ष में ईवीएम से गणना हेतु कुल 07 टेबल एवं पोस्टल बैलेट की गणना हेतु कुल 03 टेबल लगाई गई हैं। सिलवानी विधानसभा के कक्ष क्रमांक-02 में ईवीएम से गणना हेतु कुल 07 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना परिसर एवं कक्ष में मोबाईल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

दोपहर मेट्रो
Help Line
राम राजा सरकार जागरण ग्रुप
Arc & Structure
New Age Building Construction & It's Solution
- All type of Planning Work
- Residential, Commercial & Industrial Projects
- Structural, Elevation 2D & 3D & Interior Designing
- Estimation & Costing Work
101, First Floor, Eco Heights, B-Sector Sarvdharm, Kolar Road Bhopal (M.P.)
8319509069

विधायक उमाकांत शर्मा ने किया बाबा विश्वनाथ स्वामी का जलाभिषेक, पूजा अर्चना

कार्तिक पूर्णिमा पर देवपुर धाम में, बाबा विश्वनाथ के दर्शन को उमड़े हजारों श्रद्धालु

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

रविवार को कार्तिक पूर्णिमा पर तीर्थ क्षेत्र देवपुर धाम में भगवान विश्वनाथ स्वामी के दर्शन अभिषेक करने के लिए भक्तों का ताता लगा रहा एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का यहां पर पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था प्रातः काल पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त पर पवित्र कुंड के जल से स्नान करके दर्शन अभिषेक पूजन का दौर प्रारंभ हुआ जो सोमवार को देर शाम तक चलता रहा हजारों की संख्या श्रद्धालुओं ने पहुंचे भारी जन समूह को देखते हुए मंदिर समिति और प्रशासन के द्वारा सुरक्षा को लेकर भी इंतजाम किए गए थे महिला पुरुषों को अलग-अलग करो में दर्शन करा कर दूसरे रास्ते से बाहर निकलने का काम किया जा रहा था।

इस अवसर पर आयोजित मेले में भी चारों तरफ बीड़ी बीड़ी नजर आ रही थी देवपुर धाम बाबा विश्वनाथ स्वामी की जय कारों से गूंज रहा था श्रद्धालुओं का जन सैलाब भगवान की भक्ति में लीन थे भीड़ अधिक होने के कारण घंटो इंतजार के बाद ही दर्शन हो पा रहे थे। आसमान पर काली घटाएं छाई हुई थी हल्की बूंदाबांदी का दौर चल रहा था ठंडा मौसम होने के बाद भी श्रद्धालुओं का जोश कम होने का नाम नहीं ले रहा था काफी इंतजार के बाद नंबर आ रहा था फिर भी भक्तजनों में उत्साह देखने बन रहा था दर्शनों के लिए लंबी-लंबी लाइन लगी हुई थी वाहनों को सड़क से काफी दूर पर करवाया जा रहा था दूसरी ओर हर साल की तरह इस साल भी विधायक उमाकांत शर्मा भी बाबा विश्वनाथ स्वामी का जलाभिषेक पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचना उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना एवं अभिषेक करके करने के उपरांत विश्वनाथ स्वामी से क्षेत्र, प्रदेश ,देश की उन्नति , तरक्की की कामना की साथ यहां पर विशाल मेले का आयोजन भी पूर्णिमा पर किया गया था उसमें भी चारों तरफ भीड़ ही भीड़ दिखाई दे रही थी। मेले में सभी तरह की दुकानें सजी हुई थी जिनमें महिलाओं के लिए उपयोग होने वाली सामग्री से लेकर बच्चों के खेलने कूदने -पीने की दुकान भी लगी थी साथ ही झूले आदि भी थे। सभी ने मेले का भी जमकर लुफ्ट उठाया ।

पूर्णिमा पर नगर के साथ आसपास सहित दूसरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला एक दिन पहले से ही प्रारंभ हो गया था सोमवार को तो यहां पैर रखने की जगह भी नहीं थी जिधर निगाह जा रही थी उधर जन समूह चारों तरफ नजर आ रहा था कोई पैदल ही दर्शन करने के लिए पहुंचे कुछ ट्रैक्टर ट्रालियों से तो कुछ निजी बहनों से ओर यात्री बसों में भी श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला चल रहा था एक दिन पहले पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था नहीं कि जिसके कारण इस मार्ग पर जाम लग गया था। जिसका समाचार प्रदेश टुडे ने सोमवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था तो पुलिस भी व्यवस्था को संभालती हुई नजर आई। हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर इसी तरह की भीड़ बाबा विश्वनाथ स्वामी के धाम पर देखने को मिलती है मंदिर समिति के द्वारा भी उचित व्यवस्था करवाई जाती है। भक्तों को किसी भी तरह की परेशानी ना उसके लिए समिति सदस्य पूरे समय रहकर व्यवस्था को बनाने में सहयोग करते हैं।

गुरुनानक देव जी की जयंती पर प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया



सिरोंज। रविवार को गुरु नानक देव जी की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ प्रकाश पर्व के रूप में मनाई गई। भौजी प्रतिष्ठित गुरुद्वारे में विभिन्न धार्मिक आयोजन भी संपन्न हुए लंगर का आयोजन भी हुआ गुरु नानक देव जी की अरदास के बाद माथा टेकने के लिए लोगों का ताता लगा रहा साथ ही लंगर में प्रसादी ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। विधायक उमाकांत शर्मा ने भी गुरुद्वारे में पहुँचकर गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अपनी अरदास लगाई तथा प्रकाश पर्व की क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

मतगणना एजेंट्स के लिए विस स्तर पर प्रशिक्षण आज

विदिशा। कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने बताया कि मतगणना कार्य पूरी पारदर्शिता तहत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किए जा रहे अपडेटेड निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। मतगणना के मापदण्डों से भलीभांति अवगत कराने तथा मतगणना संबंधी जिज्ञासाओं के समाधान पृथक पृथक स्तर पर मतगणना प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत प्रत्याशी व उनके अधिकत मतगणना एजेंट्स के लिए मंगलवार 28 नवंबर को प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा ने बताया कि हरेक विधानसभा क्षेत्र में रिटर्निंग ऑफिसर के स्तर पर उक्त प्रशिक्षण नियत स्थलों पर आयोजित किए गए हैं। जिले की पांचों विधानसभाओं के सभी 46 प्रत्याशियों को उक्त प्रशिक्षण सूचना संप्रेषित की गई है। ताकि उनके द्वारा नियुक्त अधिकृत मतगणना एजेंट्स संबंधित विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण में शामिल हो सकें।

दिन भर रहा बादलों का डेरा, हल्की बूंदाबांदी से किसानों को मिली राहत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

मौसम में हुए बदलाव के बाद प्रदेश के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई दूसरी ओर दो दिनों से आसमान पर काली घटाओं ने डेरा जमा लिया था। इसके बाद किसानों को बारिश होने की काफी उम्मीद थी पर उनकी उम्मीद अधूरी रह गई। रविवार को प्रातः काल हल्की बूंदाबांदी दिन में रुक-रुक कर होती रही पर जिस तरह की बारिश की आवश्यकता किसानों को हो रही थी इस तरह की नहीं हुई क्योंकि दिन भर बादलों के साथ केवल हल्की बूंदाबांदी के आगे कुछ नहीं हुआ इसके कारण किसानों की उम्मीद धरी की धरी रह गई है । जोरदार बारिश होती तो सूखे की मार से परेशान किसानों को काफी राहत मिलती जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए संसाधन नहीं है उनकी फसलों के लिए भी बारिश वरदान का काम करती सबसे कम बारिश होने के कारण सूखे के हालात निर्मित हो गए हैं। धीरे-धीरे करके बोरों में से पानी निकलना बंद हो रहा है। केथन डेम भी खाली है उसके कारण नहर भी नहीं चल रही है ।बारिश हो जाती तो सभी को फायदा होता हल्की बूंदाबांदी और हवाएं चलने से मौसम में ठंडा खुल गई सर्दी का दौरा जरूर प्रारंभ हो गया ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह आग जलाकर हाथ सेकते हुए नजर आए आने वाले दिनों में सर्दी का सितम भी देखने को मिल सकता है। सर्दी बढ़ने से गर्म कपड़ों की मांग भी बढ़ गई है पिछले वर्ष की तुलना में इनके दामों ही वृद्धि देखने को मिल रही है।

कार्तिक महोत्सव का हुआ समापन, मदन मोहन सरकार को लगा 56 भोग, तुलसी मैया का पूजन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर के प्रसिद्ध मंदिर मदन मोहन सरकार मंदिर पर कार्तिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ पूरे महीने से मनाया जा रहा था ,प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा था मंगला आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाता था। अंतिम दिन छप्पन भोग के साथ तुलसी पूजन विधि विधान से हुई इसके बाद कार्तिक मास की कथा का समापन भी हुआ साथ ही भंडार हुआ जिसमें प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा सुबह से ही कार्तिक पूर्णिमा पर समापन के चलते कार्यक्रम प्रारंभ हो गए थे। मंगला आरती के बाद 56 भोग लगाया गया उसके उपरांत तुलसी पूजन हुई फिर कथा समापन की पूजन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया । सरकार के चरण सेवक मंदिर के प्रधान पुजारी नवनीत नारायण ने बताया कि मदन मोहन सरकार की कृपा से हर साल बड़े ही उत्साह के साथ कार्तिक महोत्सव होता बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सभी धार्मिक आयोजनों में बाढ़ चलकर भाग लेते हैं। सरकार की कृपा से ही सारे आयोजन पूरे भक्ति भाव से संपन्न होते हैं। सरकार की कृपा सब पर बरसती है सच्चे मन से जो भी सरकार के दरबार में अर्जी लगता है, उसकी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। वही कार्तिक पूर्णिमा पर महिलाओं ने भी व्रत रखकर तुलसी मैया की विधि विधान से पूजा अर्चना करके फेर भी लगाए इस व्रत को करके महिलाओं ने तुलसी मैया से परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना की ।

मेट्रो एंकर

ईटीपीबीएस और पोस्टल बैलेट मतगणना से प्रशिक्षित हुए

इनकोर काउंटिंग एप्लीकेशन का ड्राई रन, प्रायोगिक प्रक्रिया अभ्यास का सफल आयोजन

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 3 दिसंबर को आयोजित होने वाली मतगणना से संबंधित विधानसभा वार अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की जानकारियां टेबुलेशन से प्राप्त होने के उपरांत उसे पोर्टल पर दर्ज करने की प्रक्रिया का आज ड्राई रन का प्रयोग परीक्षण किया गया है।

प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी श्री निजामुद्दीन शेख ने बताया कि हर एक विधानसभा के लिए नियुक्त तीन-तीन कर्मियों के उपरोक्त ड्राय रन में शामिल हुए जिनके द्वारा आयोग के दिशा निर्देश अनुसार कार्यो का संपादन किया गया है। इनकोर काउंटिंग एप्लीकेशन पर ड्राई रन (टेबल, मतदान केंद्रवार रिजल्ट की डाटा फीडिंग) का आयोजन जिला दक्ष केंद्र कलेक्टर कार्यालय विदिशा मे संपन्न हुआ है।

कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) और पोस्टल बैलेट (पीबी)से प्राप्त मतों की गणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण आयोजित किया ईटीपीबीएम प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी ने गणना कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों से मतगणना प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होने निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारियों से अवगत कराया है।

वहीं प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट को गिनती के साथ शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे से ईवीएम के मतों की गणना प्रारंभ होगी।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर ने बताया कि डाक मतपत्रों की गणना प्रारंभ होने के आधा घंटा के अंतराल के बाद ईव्हीएम में रिकार्ड किये गये मतों की गिनती की शुरुआत को जावेगी। आधे घण्टे बाद दोनों प्रकार के मतों की गिनती समानांतर रूप से की जा सकेगी। केवल उन्हीं मत पत्रों की गिनती की कार्यवाही की जावेगी, जो विधि-सम्यक रूप से सही होंगे और निर्धारित समय तक प्राप्त हो चुके है। मतगणना प्रारंभ होने के नियत समय बाद यदि कोई मतपत्र का कोई लिफाफा मिलता है तो उसे नहीं खोला जायेगा।

घटिया दवाईयां आपकी सेहत को नुकसान पहुँचा सकती है
90 वर्षों से महिलाओं का No.1 टॉनिक हेमपुष्पा ही लें
असरदार व भरोसेमंद
महिलाओं का No.1 टॉनिक
✓ कठिन दिनों के दर्द व तकलीफें
✓ भूख न लगना
✓ खून की कमी (हिमोग्लोबिन)
✓ चिड़चिड़ापन
✓ थकान, घबराहट, कमजोरी
✓ खून साफ़ करे
✓ हथेली व तलवों की जलन
✓ रूप निखारे
✓ महिला हार्मोन्स की गड़बड़ी
No. 1
हेमपुष्पा
मिलती-जुलती पैकिंग व विज्ञापन से भ्रमित न हों, सर्वोत्तम हेमपुष्पा ही लें

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज पांच टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला

भारतीय टीम सीरीज अपने नाम करने उतरेगी, जीती तो वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनेगा

गुवाहाटी, एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज गुवाहाटी में पांच टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच को जीतने पर भारतीय टीम सीरीज अपने नाम करेगी ही इसके अलावा वह एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना लेगी। भारतीय टीम पाकिस्तान को पीछे छोड़कर सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशल मैच जीतने वाली टीम बन जाएगी। भारत ने अब तक 211 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबलों में से 135 में जीत हासिल की है। 66 में हार मिली है और 4 मैच टाई रहे हैं। 6 मैच बेनतीजा रहे। वहीं, पाकिस्तान ने 226 टी-20 इंटरनेशनल में से 135 जीते हैं। उसे 82 में हार मिली है और 3 मैच टाई रहे हैं। पाकिस्तान के 6 मैच बेनतीजा रहे हैं। यानी एक और जीत के साथ भारतीय टीम पाकिस्तान से आगे निकल जाएगी।

टाईब्रेकर की जीत जोड़ने पर भारत पहले से आगे

टी-20 मैच अगर टाई होता है तो फिर मैच के नतीजे के लिए टाईब्रेकर का इस्तेमाल होता है। इस फॉर्मेट की शुरुआत में टाईब्रेकर के लिए बॉल आउट का इस्तेमाल होता था। अब सुपर ओवर का चलन है। भारत के जो चार मैच टाई रहे हैं भारत ने उन सभी के टाईब्रेकर जीते हैं। वहीं, पाकिस्तान अपने तीन टाई मैचों में सिर्फ 1 का टाईब्रेकर जीत पाया है। इस तरह अगर टाईब्रेकर की जीत जोड़ दें तो भारत के पास 139 जीत और पाकिस्तान के पास 136 जीत ही है। हालांकि, टी-20 के रिकॉर्ड बुक में जीत और टाई को अलग-अलग काउंट किया जाता है। इसलिए जीत के नंबर के मामले में पाकिस्तान से आगे निकलने के लिए भारत को 1 मैच और जीतना होगा।

प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में पाकिस्तान के पास सबसे ज्यादा जीत

प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में सबसे ज्यादा टी-20 मैच जीतने के मामले में पाकिस्तान अभी भारत से मामूली अंतर से आगे है। पाकिस्तान ने अब तक 84 टी-20 इंटरनेशनल मैच प्रतिद्वंद्वी टीमों के घर में खेले हैं। उसे 47 में जीत और 32 में हार मिली है। भारतीय टीम ने 74 मैच प्रतिद्वंद्वी टीमों के घर पर खेले हैं। इसमें भारत को 45 में जीत और 25 में हार मिली है। भारत ने प्रतिद्वंद्वी टीमों के घर में पाकिस्तान की तुलना में 10 मैच कम खेले हैं लेकिन सिर्फ 2 जीत पीछे है।

घरेलू मैदान पर सबसे ज्यादा जीत भारत के नाम

भारत टी-20 की ओवरऑल टैली में अभी भले ही पाकिस्तान की बराबरी पर है लेकिन जब बात घर में होने वाले मुकाबलों की होती है तो भारतीय टीम पहले से अव्वल है। भारत ने अपने घरेलू मैदानों पर 52 मैच जीते हैं। दुनिया की कोई अन्य टीम अपने घर में इतने मुकाबले नहीं जीत सकी है। अगली तस्वीर में देखिए कि टी-20 में घरेलू मैदानों पर किस टीम ने कितने मैच जीते हैं।

न्यूट्रल वेन्यू पर सबसे ज्यादा जीत पाकिस्तान के नाम, यूएई इसकी वजह

पाकिस्तान के नाम न्यूट्रल वेन्य पर सबसे ज्यादा टी-20 मैच खेलने और जीतने का रिकॉर्ड दर्ज है। पाकिस्तान ने न्यूट्रल वेन्यू पर 105 टी-20 मैच खेले और 64 में जीत हासिल की। न्यूट्रल वेन्यू ऐसे सेंटर को कहते हैं जो मैच खेल रही दोनों ही टीमों का घर न हो। आतंकवाद के कारण 2009 से करीब 6 साल तक पाकिस्तान में इंटरनेशनल मुकाबले नहीं हुए थे। इस टाइम पीरियड में पाकिस्तान ने अपने घरेलू मैच् श्व में खेले थे। हालांकि, इंटरनेशनल रिकॉर्ड में इसे पाकिस्तान का न्यूट्रल वेन्यू ही कहा जाता है।

पिछले साल खेला गया था पहला सीजन

विमेंस प्रीमियर लीग का ऑक्शन 9 दिसंबर को

पिछली बार मंधाना थी सबसे महंगी खिलाड़ी गुजरात के पास सबसे ज्यादा 5.95 करोड़ का पर्स

मुंबई, एजेंसी

विमेंस प्रीमियर लीग का ऑक्शन 9 दिसंबर को मुंबई में होगा। इसकी सभी 5 टीमों ने अपनी रिटेंशन लिस्ट भी जारी कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी दी थी। गुजरात जायंट्स ऑक्शन में सबसे ज्यादा पर्स (5.95 करोड़) के साथ उतरेगा, जबकि मुंबई इंडियंस के पास पांच फ्रेंचाइजी के बीच सबसे छोटा पर्स (2.1 करोड़) होगा।

पहले सीजन में मुंबई बनी थी चैंपियन: पहले सीजन में मुंबई इंडियंस विजयी रही। फाइनल रोमांचक मुकाबला था, जहां मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर तीन गेंद रहते सात विकेट से जीत हासिल की। फाइनल मुकाबला जीतने वाली मुंबई इंडियंस को विमेंस प्रीमियर लीग का टाइटल जीतने पर 6 करोड़ रुपए की प्राइज मनी इनाम में मिली।

पिछले सीजन में मंधाना सबसे महंगी खिलाड़ी थीं

पहले सीजन के ऑक्शन में स्मृति मंधाना सबसे ज्यादा कमाई करने वाली खिलाड़ी बनी थीं। उन्हें 3.4 करोड़ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टीम में शामिल किया था। उनके अलावा एश्ले गार्डनर, नेट साइवर-ब्रंट व बेथ मूनी शामिल थीं, जिन्हें सबसे ज्यादा बोली लगा कर टीम में शामिल किया गया था।

गुजरात ने सबसे ज्यादा प्लेयर्स रिलीज किए

डब्ल्यूसीएल 2024 सीजन के लिए पांच टीमों ने 21 विदेशी प्लेयर्स समेत कुल 60 खिलाड़ियों को रिटेन किया। वहीं कुल 29 खिलाड़ियों को टीमों ने रिलीज किया है। इसमें से गुजरात जायंट्स ने सबसे ज्यादा (11) प्लेयर्स को रिलीज किया। गुजरात जायंट्स पिछले सीजन में आखिरी स्थान पर रहा था।

ओलंपियन नीरज चोपड़ा ने कहा मातृभाषा बोलने से बढ़ता है जीवन में आत्मविश्वास

पानीपत, एजेंसी

ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने हरियाणा के पानीपत जिले में स्थित अपने गांव खंडरा में हरियाणवी बोली को प्रमोट करने की पहल की। उन्होंने एक रिजनल बोली से जुड़ी कलाकारों की ऐप में अपनी हिस्सेदारी भी की। इसी कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने कहा कि हरियाणवी बोली को मान सम्मान दिलवाने, अपनी बोली पर गर्व महसूस करने समेत अन्य मुद्दों पर खुलकर बातचीत की। नीरज देसी स्टाइल में गांव खंडरा (पानीपत) में ट्रैक्टर पर सवार हो कर कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के युवा व लोग हर क्षेत्र में आगे हैं, लेकिन वह

अपनी बोली को कॉन्फिडेंस की कमी मानते हैं, जबकि यह गलत है। प्रत्येक व्यक्ति को अन्य भाषाएं सीखनी चाहिए, लेकिन कभी भी अपनी बोली को नहीं छोड़ना चाहिए। वह खुद भी देश व विदेश में हरियाणवी बोली को खुलकर बोलते हैं और कभी भी इस बोली को बोलने में नहीं बचते।

जिसे बात समझनी होगी वह डिक्शनरी तलाशेगा

नीरज ने कहा कि हमें अपनी बोली में अपनापन नजर आता है। इसमें किसी प्रकार की शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी इंग्लिश बहुत कमजोर थी। अब कुछ सुधार है। वह इन सबके बीच आज भी अपनी बोली को पसंद करते हैं। हरियाणवी बोली को अपने लिए बोलो। ये मत सोचो सामने वाले को कितनी समझ आ रही है। यह विषय नहीं है बल्कि मैं अपनी बोली को कितने कॉन्फिडेंस के साथ बोलता हूं यह जरूरी है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि अपनी बोली पर लाज नहीं ने नाज होनी चाहिए। जिसको सुनने और समझने की जरूरत होगी, वह डिक्शनरी की तलाश करेगा।

आईपीएल की टीम ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी, हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस में शामिल

शुभमन गिल गुजरात टाइटंस के कप्तान बने

नईदिल्ली, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल होंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसका ऐलान किया। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के टीम छोड़ने की वजह से यह बदलाव हुआ है। हार्दिक अगले सीजन में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते नजर आएंगे। इसकी आधिकारिक घोषणा सोशल मीडिया पर की। वहीं, कैमरून ग्रीन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से ट्रेड कर दिया है।

गिल आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर थे। गिल ने 7 मैचों में 59.33 की औसत से 890 रन बनाए थे। 24 साल के गिल ने साल 2018 में

आईपीएल डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक कुल 91 मैचों में 2790 रन बनाए हैं। साथ ही वे भारत की व्हाइट बॉल टीम के भी अगले रेगुलर कप्तान के तौर पर देखे जा रहे हैं। माना जा रहा है कि मुंबई इंडियंस हार्दिक को टीम का कप्तान बना सकती है। रोहित ने मुंबई को पांच बार चैंपियन बनाया है। हाल ही में खत्म हुए वनडे वर्ल्ड कप में भी उनकी कप्तानी की जमकर तारीफ हुई है।

हार्दिक ने पहले ही सीजन में गुजरात को चैंपियन बनाया था

गुजरात टाइटंस की टीम आईपीएल में पहली बार 2022 सीजन में उतरी। टीम ने हार्दिक की कप्तानी में पहले सीजन में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। 2023 के सीजन में भी गुजरात टीम फाइनल में पहुंची, जहां उसे चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। बावजूद गुजरात की टीम और पंड्या का साथ छूटना फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट्स को हैरान कर रहा है। हार्दिक ने आईपीएल के पिछले दो सीजन में अपनी कप्तानी क्षमता साबित कर दी है। हालांकि रोहित शर्मा से कप्तानी छीनने का फैसला आसान नहीं होगा।

मनोरंजन **बॉलीवुड का कोना**

महबूब स्टूडियो में शूट हुई थी 'कुछ-कुछ होता है'

करण जौहर के पॉपुलर चैट शो कॉफी विद करण के 8वें सीजन की अगली गेस्ट रानी मुखर्जी और काजोल होने वाली हैं। रानी और काजोल दोनों ही करण के डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म कुछ कुछ होता है की लीड एक्ट्रेस थीं। करण जौहर ने रानी और काजोल को अपनी फिल्म से जुड़ी एक मजेदार बात बताई। उन्होंने कहा, मैं महबूब स्टूडियो के अंदर फिल्म कुछ-कुछ होता है की शूटिंग कर रहे थे। उसी समय मेरे फादर (यश जौहर) स्टूडियो के बाहर खड़े होकर किसी से कॉल पर बात कर रहे थे। इतने में संजय दत्त वहां पहुंचे और उन्होंने पापा से पूछा- यश जी आप यहां क्या कर रहे हो। तो उन्होंने जवाब दिया, मेरे बेटे ने सेट लगाया है मैं रोड पर आ गया हूं। ये सुनकर काजोल और रानी हंस पड़े। आगे रानी ने करण से शिकायत करते हुए कहा, तुमने मुझे मारा है, मेरे हाथ से खाना छीना है। करण तुरंत पलटकर जवाब देते हैं कि मैंने तुम्हें नहीं मारा। इस पर काजोल कहती हैं कि ये अब्यूज है। ये अब्यूज करना है।

जवाब देना भूली काजोल

फिर आगे करण जौहर ने शो के पॉपुलर सेगमेंट रेपिड फायर की एक झलक दिखाई है। इस रेपिड फायर में रानी और काजोल को एक बजर दिया गया है। करण द्वारा सवाल पूछे जाने पर जो भी पहले बजर दबाएगा उसे जवाब देने का मौका मिलेगा। इसमें करण पूछते हैं कि वो कौन सी काजोल की फिल्म है, जिसमें रानी ने स्पेशल अपीयरेंस दिया है। काजोल ने झट से बजर तो दबा दिया, लेकिन उन्हें जवाब नहीं पता था। इस पर नाराज होकर करण ने चिल्लाते हुए कहा, तुम इतनी बेवकूफ कैसे हो सकती हो, जवाब कभी खुशी कभी गम है।

गुरुद्वारे पहुंचीं शिल्पा

गुरू नानक जयंती के मौके पर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ गुरुद्वारे पहुंचीं। उनके साथ पति राज कुंद्रा और दोनों बच्चे भी नजर आ रहे हैं। राज बेटी समीषा को गोद में लिए नजर आ रहे हैं। शिल्पा व्हाइट रेड पोल्का डॉट सूट पहने दिखाई दीं। उन्होंने बेटी समीषा को भी ट्रेडिशनल सूट पहनाया था। पूरे परिवार ने गुरुद्वारे में माथा टेका। शिल्पा ने गुरुद्वारे जाने से पहले अपनी सुबह की वर्कआउट का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि मेरी सोमवार से रविवार की प्रेरणा, मेरे बच्चे हैं। मैं उनके लिए स्वस्थ और फिट रहना चाहती हूं। साथ ही, अपने बच्चों को कम उम्र से ही स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने की सीख देनी चाहिए। इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आपको उनके सामने ऐसी चीजें करनी चाहिए। जिससे वो आपको देखकर मोटिवेट हो सकें। क्योंकि बच्चे आपको देखकर ही सीखते हैं। उन्होंने कहा सच कहूं तो मेरा तो हर दिन को मोटिवेशन यही है। आपको क्या है?

'कहानी सुनकर भट्ट साहब बोले- मजा नहीं आया'

'आशिकी', 'खिलाड़ी' और 'जो जीता वही सिकंदर' जैसी फिल्मों में नजर आए एक्टर दीपक तिजोरी ने फिल्म मेकर मोहित सूरी पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं। एक इंटरव्यू में दीपक ने कहा कि जब वो फिल्म डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे थे तब मोहित ने उनका आइडिया चुराकर प्रोड्यूसर महेश भट्ट को सुना दिया था। इस बारे में उन्हें डायरेक्टर अनुराग बसु ने कॉल करके बताया था। दीपक से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह फिल्म जहर थी जो 2005 में रिलीज हुई थी। इमरान हाशमी स्टारर इस फिल्म से मोहित सूरी ने डायरेक्टोरियल डेब्यू किया था। तिजोरी ने कहा, 'मैं बतौर डायरेक्टर महेश भट्ट के साथ काम करना चाहता था। मैं उन्हें एक फिल्म की कहानी सुनाने गया। वो ट्रेडमिल पर थे। 15-20 मिनट तक मेरी कहानी सुनने के बाद उन्होंने कहा- 'मुझे मजा नहीं आया, इस कहानी को भूल जाओ।' तिजोरी ने बताया कि बेसिकली यह आइडिया डेंज़ल वॉशिंगटन स्टारर फिल्म 'आउट ऑफ टाइम' का ऑफिशियल रीमेक बनाने का था। तिजोरी ने आगे कहा, 'मैं भट्ट साहब के कमरे से बाहर निकला। वहां मोहित सूरी बैठा हुआ था। मैंने उससे कहा कि भट्ट साहब से बोलो कि वो यह फिल्म देखें। इसका रीमेक बहुत अच्छा बन सकता है। हालांकि, 4 दिन बाद मेरे पास अनुराग बसु का कॉल आया और उन्होंने बताया कि भट्ट साहब ने यह फिल्म देखी। उन्हें पसंद आई और वो इस फिल्म के रीमेक से मोहित सूरी को लॉन्च करने का प्लान कर रहे हैं।

'मेरा सेकंड चांस था और इतना बड़ा धोखा मिला'

तिजोरी ने कहा, 'मेरे को इतना गुस्सा आया ना, मतलब घर के लोग। मतलब यह मेरी लाइफ का सेकंड चांस था। मेरे सेकंड करियर का पहला धोखा और इतना बड़ा धोखा। इसके बाद से आज तक वो (मोहित) मेरे सामने आके नहीं बोला कि उसने मेरे साथ यह धोखा किया है।' तिजोरी ने आगे कहा, '2005 में रिलीज हुई 'जहर' मोहित की पहली फिल्म थी पर यह मेरा आइडिया था। लेकिन एक बार वो फोन कर देता ना यार। मेरे को बोल देता कि मैंने किया है यह.. क्या फर्क पड़ता है। इसके बाद जब मैं फिल्म 'फॉक्स' में एक्ट्रेस उदिता गोस्वामी (अब मोहित की पत्नी) के साथ काम कर रहा था तब मैं उसे बताना चाहता था कि किस आदमी के साथ अफेयर है तेरा।

मेट्रो बाजार

मारुति ने इस साल तीसरी बार कार के दाम बढ़ाए

मुंबई, एजेंसी

मारुति सुजुकी ने अपने लाइन-अप में शामिल सभी गाड़ियों के प्राइस बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने कीमतों में बढ़ोतरी के लिए महंगाई और रेग्यूलेटरी रिक्रूटमेंट्स के साथ मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट को जिम्मेदार बताया है। बढ़ी हुई कीमतें 1 जनवरी-2024 से लागू हो जाएंगी। मारुति सुजुकी ने कीमतों में बढ़ोतरी के स्केल की पुष्टि नहीं की है, लेकिन जानकारी दी है कि कीमतें मॉडल के अनुसार अलग-अलग बढ़ाई जाएंगी। कंपनी ने सोमवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। कार कंपनी ने कहा कि वह इन्फ्लेशन और रेगुलेटरी रिक्वायरमेंट्स के कारण कॉस्ट प्रेशर के चलते सभी मॉडलों की कीमतें बढ़ाने का प्लान बना रही है। मारुति ने कहा, कंपनी लागत कम करने और प्राइस इंक्रीज को पार्शियली ऑफसेट करने के लिए अधिकतम प्रयास करती है। हालांकि, अब प्राइस इंक्रीज के जरिए कुछ प्रभाव डालना अनिवार्य हो गया है। कंपनी ने इस साल तीसरी बार अपनी कारों के प्राइस बढ़ाने का ऐलान किया है। इससे पहले 1 अप्रैल को सभी मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमतों में इजाफा किया था। वहीं, 16 जनवरी, 2023 को सभी मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमतों में 1.1 फीसदी का इजाफा किया था। तब भी इनपुट कॉस्ट बढ़ने के कारण गाड़ियों की कीमतें बढ़ाई थीं।

अक्टूबर में अब तक की सबसे ज्यादा सेल, 1.99 लाख गाड़ियां बेचीं

मारुति सुजुकी ने अक्टूबर महीने में अभी तक की सबसे ज्यादा रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है। मारुति ने कुल 1.99 लाख वाहनों की बिक्री की। सालाना आधार पर कंपनी की बिक्री 1.67 लाख से बढ़कर 1.99 लाख यूनिट हो गई है। गाड़ियों की बिक्री में 18.9 फीसदी का इजाफा हुआ।

न्यू जनरेशन हिमालयन 2.69 लाख में लॉन्च

मुंबई, एजेंसी। रॉयल एनफील्ड के एनुअल बाइकिंग इवेंट का आखिरी दिन था। गोवा में हुए कंपनी मोटोवर्स-2023 इवेंट में कंपनी ने न्यू जनरेशन हिमालयन 450 को भारत सहित ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया है। एक और बाइक शॉटगन 650 को भी अनवील किया। इसके अलावा इवेंट में बाइक लवर्स के लिए कई तरह के कॉन्टेस्ट्स और एंटरटेनमेंट प्रोग्राम हुए। इवेंट में कई तरह के आर्ट को शो किया गया और फेमस बाइक राइडर्स ने अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। इवेंट में कई तरह के आर्ट को शो किया गया और फेमस बाइक राइडर्स ने अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। मोटोवर्स-2023 में कंपनी ने नई हिमालयन 450 को 2.69 लाख रुपए की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया। ये कीमत इंट्रोडक्टरी हैं, जो 31 दिसंबर तक लागू रहेंगी। इसमें राउंड शेप का इंस्ट्रूमेंट कंसोल दिया गया है। कंपनी का दावा है कि ये दुनिया का पहला गोल इंस्ट्रूमेंट कंसोल है। ये राउंड डैश गूगल मैप्स की मदद से म्यूजिक, फोन कनेक्टिविटी और नेविगेशन सहित सभी जरूरी चीजें शो करता है। कंपनी ने बाइक की बुकिंग शुरू कर दी है। बायर्स इसे ऑफिशियल वेबसाइट और डीलरशिप पर जाकर बुक कर सकते हैं। बाइक अगले 10 दिन में सभी डीलरशिप पर अवेलेबल हो जाएगी। वहीं यूरोप और यूके में मार्च 2024 में इसकी डिलीवरी शुरू की जाएगी। कंपनी ने बाइक को हाल ही में हुए इवेंट में ऑल-इलेक्ट्रिक हिमालयन प्रोटोटाइप के साथ अनवील किया था।



हादसों को निमंत्रण

भोपाल के कोकटा बायपास रोड पर सड़कों की हालत खराब। कल हुई बारिश ने खराब सड़क पर गड्ढों को भर दिया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। –फोटो भूपेंद्र सिंह

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गांव बंदोरी का मामला...

खेत में मिला 79 साल के बुजुर्ग का शव

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार थाना क्षेत्र स्थित गांव बंदोरी में बीती रात 79 साल के बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। बुजुर्ग के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले है। लिहाजा पुलिस ने हत्या की बात से इंकार किया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

फाइल फ़ोटो

एसआई सुमेर सिंह नरवरिया ने बताया कि कन्हैयाल लाल नरवरिया (79) गांव बंदोरी, कजलीखेड़ा कोलार के रहने वाले थे। उनके बेटे शुभम नरवरिया ने बताया कि उनकी गांव में घर से करीब पांच किलोमीटर दूर कृषि योग्य भूमि है। पिता कन्हैयालाल रविवार शाम खेत पर जाने का कहकर निकले थे। वे उम्रदराज थे, लेकिन खेत पर जाकर पानी चलाकर आ जाया करते थे। कल रविवार शाम भी वह खेत पर पानी लगाने का कहकर निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। रात करीब 11 बजे परिजन उनकी तलाश में खेत पहुंचे तो खेत में उनका शव पड़ा नजर आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

आरआरएल तिराहे पर मिला युवक का शव

भोपाल। बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आरआरएल तिराहा पर कल दोपहर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान विश्वकर्मा नगर झुग्गी में रहने वाले व्यक्ति के रूप में कर ली गई है। सहायक उपनिरीक्षक भूपेंद्र पाठक ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास सूचना मिली?थी कि आरआरएल तिराहा पर सड़क किनारे किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक का हुलिया आसपास के लोगों को दिखाया गया तो लोगों ने उसकी शिनाख्त हरिओम पिता काशी पुरोहित (55) निवासी विश्वकर्मा नगर झुग्गी के रूप में कर ली। रिश्तेदारों ने बताया कि हरिओम अविवाहित था और शराब पीने का आदी था।?वह अक्सर शराब कलारी के आसपास घूमता रहता था। रविवार रात भी कलारी के पास वह शराब के नशे में पड़ा हुआ था। अनुमान है?कि उसकी मौत रात में ही हो गई थी।

ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

भोपाल। मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बावड़िया फाटक के पास सोमवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार मिसरोद स्टेशन मास्टर शहजाद द्वारा सोमवार शाम करीब 6 बजे सूचना दी गई थी। बावड़िया फाटक के पास कोई?व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना मिलते ही थाने से पुलिस पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मृतक का शव पीएम के लिए भेजा गया। मृतक की तलाशी लेने पर आधार कार्ड मिला था। आधार कार्ड से मृतक की पहचान सुरेंद्र सिंह पिता साधू सिंह (57) सुरेंद्र पैलेश, बागसेवनिया के रूप में की गई। इसके बाद परिजन को सूचना दी गई। परिजन ने बताया कि सुरेंद्र सिंह बिल्डर के पास काम करते थे। अनुमान है?कि बावड़िया स्थित बंद हो गए फाटक के पास से वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आए हैं।

उधार लिया डेयरी प्रोडक्ट, उधारी नहीं चुकाने पर मामला दर्ज

भोपाल, दोपहर मेट्रो

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित शांति नगर में डेयरी संचालक को तीन लोगों ने सवा लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने उनसे माल उधार लिया था और कुछ पैसे लौटा अब बाकि के करीब सवार लाख रुपए लौटाने से इंकार कर दिया। पुलिस ने डेयरी संचालक की शिकायत पर महिला समेत तीन आरोपियों पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार अंकित गुप्ता पिता शंकर गुप्ता (40) शांति नगर, हनुमानगंज में दूध डेयरी का संचालन करते हैं। उनके मकान में ही दूध डेयरी है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वर्ष 2019 से 2021 तक उनकी डेयरी से बबलू भाई, हर्ष बच्चू और रमा नाम महिला ने डेयरी प्रोडक्ट लिया था। तीनों डेयरी का संचालन करते हैं। डेयरी प्रोडक्ट लेने के बाद उन्होंने कुछ पैसे भी दिए थे। अक्सर डेयरी प्रोडक्ट लेने के कारण तीनों से अंकित की पहचान थी और अंकित उन्हें अधार माल देना शुरू कर दिया। उधारी ज्यादा बढ़ने पर अंकित ने अपने रुपए मांगे तो आरोपियों कुछ रुपए वापस भी कर दिए। अब करीब सवा लाख रुपए बाकि है, जिसे देने से आरोपी मना कर रहे हैं।

पार्किंग में खड़ी कार में आटो घुसा, आटो चालक घायल

भोपाल। टीटी नगर स्थित न्यू मार्केट में कल दोपहर टाप एंड टाउन के पास पार्किंग में खड़ी कार में आटो आकर घुस गया। इस हादसे में आटो चालक घायल हो गया, जबकि कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस ने आटो चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मजहर अली पिता अजहर अली (54) फिजा पैलेस, अहमदाबाद पैलेस रोड, कोहेफिजा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह चिमनी भट्टे पर काम करते हैं। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वे अपनी कार से न्यू मार्केट पहुंचे थे। उन्होंने अपनी कार टाप एंड टाउन के पास प्रीमियम कार पार्किंग मुख्य सड़क पर खड़ी थी। इसके बाद सामान खरीदने चले गए। करीब तीस मिनट बाद साढ़े 12 बजे वह कार के पास पहुंचे तो भीड़ लगी हुई थी। पास ही एक आटो क्षतिग्रस्त खड़ा था। जबकि उनकी कार की पीछे की की हेडलाईट, बंफर और पीछे की डिग्गी क्षतिग्रस्त थी। अहजर ने पार्किंग मैनेजर घनश्याम तिवारी से पूछा तो उन्होंने बताया कि आटो का चालक अपने आटो को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और आपकी कार से टक्कर मार दी। जिससे आपकी गाड़ी में क्षतिग्रस्त हुई है। वे मैनेजर घनश्याम तिवारी के साथ आटो चालक सूरज पहुलकर को थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

कार ने मारी एक्टिवा पर सवार दोस्तों को टक्कर

भोपाल। कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित तृप्ती अस्पताल के सामने लालघाटी पर एक्टिवा सवार दो दोस्तों को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई?है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।?पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस नंबर के आधार पर कार और चालक का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार रिजवान पिता रऊफ खान (30) पुतलीघर ईसाईयो के कब्रिस्तान के पास टीलाजमालपुरा में रहता है और कब्रिस्तान में नौकरी करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार सोमवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे वह अपने दोस्त शाहवर के साथ परवलिया से खाना खाकर लौट रहा था। दोनों को टीलाजमालपुरा जाना था। लालघाटी स्थित तृप्ती अस्पातल के सामने पहुंचते ही पीछे से आ रही कार के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर साईड से उनकी एक्टीवा में टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों एक्टिवा समेत सड़क पर गिर गए। दोनों को गंभीर चोट आने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां दोनों की स्थिति में सुधार है।

मेट्रो एंकर अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित वल्लभ नगर झुग्गीबस्ती का मामला...

फांसी लगाने वाली 13 साल की नाबालिग का आज पीएम के बाद सौंपा जाएगा शव

भोपाल, दोपहर मेट्रो

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित वल्लभ नगर झुग्गीबस्ती में सोमवार शाम सातवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही थी, जबकि उसके परिजन बिलासपुर में रहते हैं। छात्रा के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

साथ ही नाना-नानी से प्राथमिक पूछताछ में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज मंगलवार को पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से बिलासपुर निवासी रश्मि पारकर पिता चेतराम पारकर (13) वल्लभ नगर, अरेरा हिल्स में अपने नाना-नानी के साथ रहती थी और सातवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। सोमवार शाम करीब साढ़े 4 बजे रश्मि ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामा-मामी की नजर पड़ी और वह उसे फंदे से उतारकर जय प्रकाश अस्पताल ले गए थे, वहां पता चला कि रश्मि की मौत हो चुकी है। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मचुर्री भेज दिया है। एसीपी अक्षय कुमार चौधरी ने बताया कि परिजन अभी शोकाकुल है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। बिलासपुर से माता पिता के पहुंचने पर उनके बयान दर्ज किए जाएगे।

किराना व्यापारी ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल। तलैया थाना क्षेत्र स्थित खटीकपुरा बुधवारा सोमवार दोपहर किराना व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शोकाकुल परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे।

एएसआई जेपी पांडे ने बताया कि कैलाश साहू पिता बाबूलाल साहू (42) खटीकपुरा, बुधवारा में रहते थे। उनके मकान में किराने की दुकान है। पत्नी से अनबन होने के कारण पत्नी करोंद चौराहा पर किराए के मकान में बेटे के साथ रहती है। उनका बेटा अक्सर पिता से मोबाइल पर बातचीत करता था। सोमवार सुबह से वह पिता को कॉल कर रहा था, लेकिन पिता कॉल रीसिव नहीं कर रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे के आसपास उनका बेटा पिता को देखने घर पहुंचा तो उसने पिता की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। वह पिता को फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पान बहार
द हैरिटेज इलायची
पहचान कामयाबी की

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022